दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी

'दुपहिया सीजन-2' का प्रीमियर एक अक्टूबर को

'तुम मेरे हो' में एक साथ आएंगे नजर...

वर्ष : 12 | अंक : 265 | लखनऊ, 21 सितम्बर, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

युवाओं को ए आई से जोड़ना है लक्ष्य

एआई को आम लोगों तक पहुंचाने की मुहिम में जुटे है मथुरा के आयुष

मथुरा के अंतरराष्ट्रीय एआई विशेषज्ञ आयुष गर्ग विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सक्रिय भूमिका निभा रहे है। एआई को केवल तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों, शिक्षकों, नीति - निर्माताओं, युवाओं और आम नागरिकों के लिए भी उपयोगी तथा ए आई शिक्षा को सहज बनाना है। वह नासा , जी-20, संयुक्त राष्ट्र , अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आई टी यू) , ब्रिक्स -2026 सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कृत्रिम बुद्धिमता से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत कर चुके है...

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ।

कृतिम बुद्धिमता यानी आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस आज शिक्षा , स्वास्थ्य , सुरक्षा और रोजगार सहित जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित कर रही है।

इस तेजी से बदलती तकनीकी को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने और अभी हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लालकिले की प्राचीर से किए गए अपने उद्बोधन देश के एक करोड़ युवाओं को एआई के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा की मुहिम में मथुरा के अंतरराष्ट्रीय एआई विशेषज्ञ आयुष गर्ग विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सक्रिय भूमिका निभा रहे है। एआई को केवल तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों, शिक्षकों, नीति - निर्माताओं, युवाओं और आम नागरिकों के लिए भी उपयोगी तथा ए आई शिक्षा को सहज बनाना है। वह नासा , जी-20, संयुक्त राष्ट्र , अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आई टी यू) , ब्रिक्स -2026 सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कृत्रिम बुद्धिमता से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत कर चुके है।



एआई के सामाजिक प्रभाव पर विशेष ध्यान

आयुष गर्ग का शोध केवल तकनीकी विकास तक सीमित नहीं है। उन्होंने ए आई और प्रशासन, ए आई और क़ानून व्यवस्था, ए आई और स्वास्थ्य, ए आई और कृषि आदि के अलावा उनके नेतृत्व में ग्लोबल यूथ एडवाइजरी बॉडी के 50 देशों के युवा ए आई विशेषज्ञों के समूह ने ए आई के लिए कोड ऑफ़ कंडक्ट भी तैयार किया, जिसे सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क अमेरिका स्थित यूएनओ के मुख्यालय में आयोजित समिट फॉर फ्यूचर जिसमे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी सहित लगभग 50 से भी अधिक राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया, के दौरान यूएनओ के अंडर सेक्रेटरी और टेक्निकल हेड अमनजीत गिल ने यह कोड ऑफ़ कंडक्ट पूरी दुनिया के आगे प्रस्तुत किया।

रक्षा मंत्रालय ने स्वर्ण पदक भी प्रदान किया

रक्षा क्षेत्र में आई अनुसंधान के लिए आयुष गर्ग को अखिल भारतीय स्तर पर रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वर्ण पदक भी प्रदान किया गया है। उनकी भारतीय समुन्दरी सुरक्षा पर आधारित पुस्तक न्यूक्लियर वाटर्स डिटेक्शन ऑफ़ सबमरीन यूजिंग अंक के प्रकाशन से उन्हें ए आई द्वारा शांति, सुरक्षा और संघर्ष के क्षेत्र में उनके किए गए कार्यों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। अफ़ग़ानिस्तान की छात्राओं को ए आई की शिक्षा उपलब्ध कराने की उनकी पहल को यूरोपीय देश जर्मनी स्थित हेग पीस पैलेस से भी सराहना प्राप्त हो चुकी है। इस पहल का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में रह रही छात्राओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा और भविष्य के अवसरों से जोड़ना था। प्रतिष्ठित संस्थानों से अध्यन और प्रशिक्षण प्राप्त आयुष गर्ग ने भू- राजनीति, रणनीति, साइबर सुरक्षा और रक्षा जैसे विविध विषयों में अध्ययन एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

24 सितंबर को चीन और अमेरिका में संभावित शिखर बैठक पर चर्चा

आयुष बताते है कि अब उनका ए आई विशेषज्ञ वैश्विक समूह ए आई के उपयोग के लिए संविधान (चार्टर) तैयार कर रहा है। जिसे आगामी 23 सितंबर को यूएनओ जारी करेगा। तत्पश्चात 24 सितंबर को चीन और अमेरिका में संभावित शिखर बैठक में इस चार्टर पर चर्चा होने की तैयारी है। भारत सरकार की रक्षा एवं सैन्य क्षेत्र में ए आई , सेमीकंडक्टर नीति जैसे सतत विकास लक्ष्यों के मद्देनजर भारतीय युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए शिक्षा में ए आई प्रशिक्षण को बाध्यकारी बनाने की जरूरत है। तभी भारत में ए आई का वास्तविक लाभ मिलेगा। जब विश्व की इस चौथी सबसे बड़ी तकनीकी क्रांति को शीघ्र से शीघ्र भारतीय युवाओ और आमजन तक प्रशिक्षण के माध्यम से पहुंचाया जाय, साथ ही यह तकनीकी महानगरों और बड़े संस्थानों से निकलकर छोटे, मध्यम शहरों, विद्यालयों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिक तक पहुंचे।

खबर संक्षेप

दीया-बाती में सौ करोड़ फूंके, कम्युनिटी किचन बंद

पटना। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बाढ़ और सुखाड़ का मुद्दा उठाया। रविवार को वन पोलो रोड स्थित आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 100 करोड़ दीया-बाती में फूंक दिए गए जबकि राहत शिविर और सामुदायिक रसोई बंद कर दिए गए।

10 साल तक काम करने वाले होंगे नियमित

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियरिंग सेल में वर्षों संविदा पर काम कर रहे नौ कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश देते हुए सेवा में बहाल करने को कहा है। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने 14 अगस्त 2024 के उस विभागीय आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसके तहत उनके नियमितीकरण की मांग खारिज कर दी गई थी।

तेज रफ्तार नगरनिगम के डंपर की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई क्षेत्र के शनिमंदिर चौराहे पर हुए सड़क हादसे में रोजमर्रा की तरह काम पर निकले एक राजमिस्त्री ने अपनी जान गंवा दी। नगरनिगम के कूड़ा निस्तारण में लगे तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आए राजमिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गया। पीजीआई क्षेत्र के तेलीबाग शनि मंदिर चौराहे पर रविवार की सुबह नगर निगम के डंपर ने एक राजमिस्त्री को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह अन्य मजदूरों के साथ काम मिलने की उम्मीद में सड़क किनारे खड़ा था। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला, हालांकि कुछ दूरी पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर कब्जे में लेकर चालक की तलाश जारी कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक मृतक के पास कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला है उसके दाहिने हाथ पर विमलेश नाम गुदा हुआ पाया गया है जिसके आधार पर पुलिस मृतक के परिजनों को तलाश करने का प्रयास कर रही है।

माता वैष्णो देवी हेलीपैड टर्मिनल में आग

जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के आधार शिविर कटरा में एक हेलीपैड टर्मिनल रविवार तड़के आग लगने से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। बताया गया कि हेलीपैड टर्मिनल में तड़के करीब सवा तीन बजे संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

हर सप्ताह होगा बड़ा भर्ती इवेंट, 6 महीने में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी

लोक भवन में लिपिक संवर्ग सीधी भर्ती के 912 चयनित अभ्यर्थियों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी बोले- 2017 से पहले बिना सिफारिश और लेनदेन भर्ती का नहीं था भरोसा, अब नियुक्ति से तैनाती तक भेदभाव न होने की गारंटी । पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, सहायक उपनिरीक्षक लिपिक और सहायक उपनिरीक्षक लेखा के पदों पर हुआ चयन, 173 महिलाएं भी बनीं यूपी पुलिस का हिस्सा...

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो कर नहीं पाए, वे हमेशा बोलेंगे। जिन्होंने अपनी अकर्मण्यता और अक्षमता से उत्तर प्रदेश को बीमारू बनाया, उनके निकम्मेपन और निठल्लेपन को यूपी और देश देख चुका है।

ऐसे लोगों को आज यूपी पुलिस या प्रदेश की व्यवस्था पर बोलने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विपक्ष गिनता जाए, सरकार नियुक्तियां देती जाएगी। शनिवार को 818 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए, रविवार को 912 को दिए जा रहे हैं और अब 22 सितंबर को फिर नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। अगले छह महीने में एक लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने के साथ प्रदेश में हर सप्ताह एक बड़ा भर्ती इवेंट होगा। मुख्यमंत्री योगी रविवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की लिपिक संवर्ग सीधी भर्ती-2023 के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लिपिक और पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लेखा के पदों पर चयनित 912 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री योगी ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को यूपी पुलिस का हिस्सा बनने पर बधाई दी।

साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को मिली नियुक्ति

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के बाद भर्ती प्रक्रिया में किए गए बदलावों का परिणाम है कि साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को उत्तर प्रदेश शासन में सेवा का अवसर मिला है। भर्ती की कई प्रक्रियाएं आगे बढ़ रही हैं।

पारदर्शी चयन शासन के प्रति विश्वास का प्रतीक

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब किसी योग्य अभ्यर्थी का चयन शुचितापूर्ण और पारदर्शी परीक्षा के माध्यम से होता है तो यह केवल उसके परिवार के लिए उपलब्धि नहीं होती, बल्कि शासन के प्रति आम आदमी के विश्वास का भी प्रतीक बनता है। 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया की विसंगतियों के कारण नौजवानों में निराशा और हताशा थी। भाई-भतीजावाद ने पूरे सिस्टम को इस तरह जकड़ रखा था कि पारदर्शिता और शुचिता की कल्पना नहीं की जा सकती थी।

नियुक्ति से तैनाती तक सिफारिश की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सुधार किए गए। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और शिक्षा से जुड़ी भर्ती प्रक्रियाओं में बदलाव किया गया। समूह ग और घ की भर्ती से साक्षात्कार समाप्त किया गया, ताकि योग्य अभ्यर्थी को किसी स्तर पर भेदभाव का सामना न करना पड़े।

नुक्कड़ नाटकों के जरिए सेवा कार्यों की जानकारी

नमो सेवा-अनकही कहानियां के माध्यम से रंगमंच पर जीवंत होंगे सेवा, समर्पण के प्रेरक

यूपी के 403 विधानसभा क्षेत्रों में गूंजेगी प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' का संचालन किया जा रहा है।

अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में जनसेवा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने की विशेष पहल की गई है। 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के माध्यम से मोदी के जीवन, संघर्ष, सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को रंगमंचीय प्रस्तुतियों के जरिए लोगों के बीच पहुंचाया जाएगा। पूरे देश के साथ, उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न रंगमंचीय एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के सहयोग से इन प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्र सेवा तक की यात्रा की होगी नाट्य प्रस्तुति

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नुक्कड़ नाटकों से लेकर भव्य रंगमंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों को मंच पर जीवंत किया जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र सेवा तक की यात्रा को नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा।

लोग इसे राजनीतिक नजरिए से न देखें सामाजिक सुधार का कार्यक्रम बताया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' पंजाब को बचाने का एक सामाजिक सुधार कार्यक्रम है। इसे राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मेघवाल ने पंजाब के फजिल्का में नशा-विरोधी तीसरी यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा शुरू करने से पहले कानून और न्याय राज्य मंत्री मेघवाल ने आसफवाला युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मेघवाल ने कहा कि भाजपा की नशा-विरोधी यात्राएं सरकारी कार्यक्रम नहीं हैं। कुछ लोग आज के कार्यक्रम को राजनीतिक नजरिए से देख रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह सामाजिक सुधार का कार्यक्रम है।

नशा-विरोधी यात्राएं सरकारी नहीं: मेघवाल

यह पीढ़ियों को बचाने का है आयोजन

यह पंजाब और उसकी आने वाली पीढ़ी को बचाने का कार्यक्रम है। मान सरकार पर निशाना साधते हुए मेघवाल ने कहा कि उन्होंने पूरे सिस्टम को बर्बाद कर दिया है। केवल सिंह ढिल्लों ने गुलजार की आत्महत्या पर सवाल किए।

नवीन का 2 दिनी यूपी दौरा आज से, संगठन संग करेंगे चुनावी मंथन

सांसदों, विधायकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठकें कर चुनाव की तैयारियों को परखेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 21 और 22 सितंबर 2026 को दो दिवसीय उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रवास पर रहेंगे। आगामी यूपी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रवास के दौरान नवीन यूपी में चुनाव तैयारियों को लेकर विभिन्न संगठनात्मक बैठकों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और सम्मेलनों का नेतृत्व करेंगे। वे ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख मंदिरों में दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त करेंगे। प्रवास के पहले दिन, 21 सितंबर 2026 को नितिन नवीन क्रांतिधरा मेरठ पहुँचकर सबसे पहले इंडियन नेशनल आर्मी शहीद स्मारक एवं उपवन में अमर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके उपरांत, वे पूर्वाह्न 11:30 बजे स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मांगल्य ऑडिटोरियम में आयोजित विशाल 'युवा सम्मेलन' को संबोधित कर युवा शक्ति का आह्वान करेंगे। दोपहर 1:45 बजे वे इसी परिसर में भाजपा 'शक्ति केंद्र सम्मेलन (पश्चिम क्षेत्र)' को संबोधित करेंगे। दिन के उत्तरार्ध में नवीन पश्चिम क्षेत्र के पूर्व पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठकें कर चुनाव की तैयारियों को परखेंगे।

प्रवास के दूसरे दिन, 22 सितंबर 2026 को नवीन प्रातः मेरठ में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं समाज के विशिष्ट नागरिकों के साथ संवाद बैठक करेंगे। इसके बाद वे मेरठ के ऐतिहासिक औघड़नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सहारनपुर आगमन पर दोपहर 1:00 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ता के निवास स्थान पर भोजन करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का एक कार्यकर्ता के घर जाकर भोजन करना भाजपा की 'कार्यकर्ता-प्रथम' की महान परंपरा, आत्मीयता और ज़मीनी स्तर से अटूट जुड़ाव का बड़ा संदेश देता है।। सहारनपुर में दोपहर 2:15 बजे वे पश्चिम क्षेत्र के पूर्व सांसदों व विधायकों से संवाद करेंगे, जिसके तुरंत बाद प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों तथा जिला महामंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर चुनावी रणनीति का गहन मंथन करेंगे। अपने इस ऐतिहासिक प्रवास के मंगलमयी समापन पर, नवीन प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री शाकम्भरी देवी मंदिर में माँ भगवती की पूजा-अर्चना करेंगे।

कर्नाटक में गृहमंत्री शाह की तबीयत हो गई खराब

फूड पॉइजनिंग के हुए शिकार, दौरा रद्द कर लौटे दिल्ली

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया अब पूरी तरह स्वस्थ्य

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक में दो कार्यक्रमों में शामिल होने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अचानक तबीयत खराब हो गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि अमित शाह फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। हालांकि अब वह पूरी तरह ठीक हैं। शाह को हुबली के गबूर में केएलई जगद्गुरु गंगाधर महास्वामीगलु मूरूसाविरमठ चिकित्सा महाविद्यालय की नई शैक्षणिक इमारत और 1,200 बिस्तरों वाले केएलई अस्पताल एवं चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करना था लेकिन वह इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए। स्थानीय नेताओं ने हालांकि, बताया कि दिल्ली के लिए हवाई अड्डा जाने से पहले शाम को उन्होंने परिसर का दौरा किया।

नई इमारत का उद्घाटन नहीं कर सके

शाह का बेलगावी जिले का दौरा रद्द कर दिया गया। यहां उन्हें चिक्कोडी तालुक के एक्सांबा में श्री बीरेश्वर कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के मुख्यालय की नई इमारत का उद्घाटन करना था।

कार्यक्रम में केवल प्रह्लाद जोशी पहुंचे

जोशी ने एक्सांबा में बताया कि शाह को यहां आना था। फूड पॉइजनिंग की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई। अन्नासाहेब जोले (पूर्व भाजपा सांसद) ने मुझे और शेट्टार (बेलगावी सांसद जगदीश शेट्टार) को इस कार्यक्रम के लिए बुलाया था। हमें उनके साथ आना था, लेकिन अभी सिर्फ हम ही आए हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि शाह अब पूरी तरह ठीक हैं।

कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बोम्मई और शेट्टार ने संस्थानों का लोकार्पण किया

जोशी ने कहा कि फूड पॉइजनिंग की वजह से हुई उल्टी के कारण उन्हें थोड़ी कमजोरी आ गई थी। जोशी, कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, बेलागवी के सांसद जगदीश शेट्टार और श्री जगद्गुरु मूरुसाविरमठ के श्री गुरुसिद्ध राजयोगिन्द्र स्वामी ने शाह की अनुपस्थिति में संस्थानों का उद्घाटन किया।

राहुल ने फोन पर कन्हैया को फटकारा

चुनाव में क्या हो रहा, सचिन पायलट व हुड्डा भी थे मौजूद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन चुनाव में कांग्रेस की छात्र यूनिट एनएसयूआई को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। चारों पदों पर एनएसयूआई के कैंडिडेट्स को पराजय मिली है। अध्यक्ष समेत तीन पद एबीवीपी के पास गए हैं तो एक एनएसयूआई से बागी होकर निर्दलीय लड़ने वाले दीपांशु शौकीन ने जीत दर्ज की है। चुनाव की शुरुआत से ही एनएसयूआई के कैंडिडेट सेलेक्शन पर सवाल खड़े होते रहे। दीपांशु मजबूत कैंडिडेट माने जा रहे थे, लेकिन उन्हें उपाध्यक्ष पद के लिए टिकट नहीं मिला, जिसकी वजह से निर्दलीय मैदान में उतरना पड़ा। अब राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को फोन किया था, जिसके बाद भरी मीटिंग में वेणुगोपाल ने एनएसयूआई इनचार्ज कन्हैया कुमार को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद कांग्रेस ऑफिस में अचानक देर रात बैठक बुलाई गई। इस बैठक में वेणुगोपाल ने कन्हैया से पूछा कि यह क्या हो रहा है? राहुल ने मुझे फोन किया है।

पैदल सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार तड़के पैदल सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी।जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक हरदोई जिले के संडीला स्थित कटिया मऊ गांव के रहने वाला पिंटू (25) बीते कुछ समय से पीजीआई स्थित उतरेठिया में अपनी पत्नी सोनी और एक बेटे चिंटू के साथ रहकर मजदूरी करता था। पिंटू शनिवार रात करीब 8 बजे बंथरा के जुनाब गंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती अपनी साली सुमन को देखने गया था। जहां रविवार तड़के करीब 4:30 बजे प्रसाद हॉस्पिटल के पास पिंटू पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। जिससे पिंटू की मौके पर ही मौत हो गई हालाकि बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

भैंस से टकराकर बाइक सवार युवक की ट्रामा सेंटर में मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात भैंस से टकराकर घायल हुए बाइक सवार युवक की शनिवार रात इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के लोनहा गाँव निवासी सचिन कनौजिया (37) आशियाना स्थित एलडीए कॉलोनी में लॉन्ड्री की दुकान चलाता था। शुक्रवार रात बाइक से करीब 10 बजे वह अपनी दुकान से वापस लौट रहा था। तभी सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया - पिपरसण्ड रोड पर गहरु गांव के पास उसकी बाइक के सामने अचानक एक भैंस आ गई। जिससे वह भैंस से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

गेट पर कूड़े का अंबार, परिसर में मेडिकल वेस्ट व शराब की बोतलें; टूटी खिड़की से सरकारी दवाओं की सुरक्षा पर सवाल

निगोहां पीएचसी की बदहाली ने खोली स्वास्थ्य विभाग की पोल, कबाड़ बनीं तीन एंबुलेंसें, जर्जर भवन में इलाज को मजबूर मरीज

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह

निगोहां । प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों को आधुनिक स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के दावे कर रही लेकिन राजधानी के निगोहां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की जमीनी हकीकत इन दावों को कठघरे में खड़ा करती अस्पताल परिसर का नजारा किसी स्वास्थ्य केंद्र से अधिक उपेक्षित सरकारी भवन का आभास कराता मुख्य गेट पर कूड़े का अंबार परिसर में खुले में पड़ा मेडिकल वेस्ट, झाड़ियों में शराब की खाली बोतलें टूटी खिड़की से असुरक्षित सरकारी दवाएं वर्षों से धूल फांकती तीन सरकारी एंबुलेंसें और जर्जर भवन इस बात की गवाही दे रहेकि यहां व्यवस्था नहीं बल्कि लापरवाही का राज।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस अस्पताल में लोगों की जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी वहीं यदि संक्रमण असुरक्षा और अव्यवस्था का माहौल हो तो मरीज आखिर किस भरोसे इलाज कराने आएं?

गेट पर कूड़े का पहाड़ अस्पताल पहुंचते ही बीमारी का अहसास

निगोहां पीएचसी के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर लंबे समय से कूड़े का ढेर जमा प्लास्टिक, घरेलू कचरे और अन्य अपशिष्ट से उठती तेज दुर्गंध अस्पताल आने वाले मरीजों, गर्भवती महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों का स्वागत करती कूड़े के बीच पनप रहे मच्छर और कीट डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के खतरे को बढ़ा रहे विडंबना यह है कि जहां से स्वच्छता का संदेश जाना चाहिए, वहीं गंदगी का अंबार लगा हुआ।

मेडिकल वेस्ट खुले में शराब की बोतलों ने बढ़ाए सुरक्षा पर सवाल

अस्पताल भवन के पीछे झाड़ियों में दवाइयों के रैपर, मेडिकल वेस्ट और अन्य जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट खुले में पड़े मिले बायो-मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिए स्पष्ट नियम लेकिन यहां उनकी अनदेखी साफ दिखाई देती। इसी परिसर में शराब की खाली बोतलें भी मिलीं इससे सवाल उठता है कि क्या अस्पताल परिसर रात के समय असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका ? यदि ऐसा है तो सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी की जिम्मेदारी किसकी ?

टूटी खिड़की से सरकारी दवाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे

देवा वितरण कक्ष की खिड़की और लोहे की जाली पूरी तरह क्षतिग्रस्त टूटी जगह पर गत्ता लगाकर औपचारिकता निभाई गई ऐसे में कोई भी व्यक्ति आसानी से अंदर रखी सरकारी दवाओं तक पहुंच सकता यह स्थिति सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती यदि दवाओं की चोरी, छेड़छाड़ या नुकसान होता तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी?

करोड़ों की एंबुलेंसें कबाड़ में तब्दील

अस्पताल परिसर में तीन सरकारी एंबुलेंस लंबे समय से खराब हालत में खड़ी एक का पहिया निकला हुआ जबकि बाकी दो भी उपयोग के लायक नहीं दिखतीं आपातकालीन सेवाओं के लिए खरीदे गए ये वाहन वर्षों से धूल फांक रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि जरूरत के समय एंबुलेंस न मिलने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन।

जर्जर भवन, खुले बिजली के तार और हर पल हादसे का खतरा

अस्पताल भवन की दीवारों पर सीलन, उखड़ा प्लास्टर, टूटी खिड़कियां और कई स्थानों पर खुले बिजली के तार दिखाई देते बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती इलाज कराने आने वाले मरीजों के साथ-साथ अस्पताल कर्मियों की सुरक्षा भी खतरे में।

निरीक्षण सिर्फ कागजों में?

इतनी गंभीर अव्यवस्थाओं के बावजूद सवाल यह है कि क्या यहां नियमित निरीक्षण होता ? यदि होता है तो फिर मुख्य गेट पर कूड़े का ढेर खुले में मेडिकल वेस्ट टूटी खिड़की जर्जर भवन और वर्षों से खड़ी एंबुलेंसें जिम्मेदार अधिकारियों की नजर से कैसे बच गईं? यदि निरीक्षण नहीं हो रहा तो यह भी गंभीर प्रशासनिक लापरवाही। निगोहां पीएचसी की यह तस्वीर केवल एक अस्पताल की बदहाली नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की निगरानी, जवाबदेही और संसाधनों के संरक्षण पर गंभीर सवाल खड़े करती अब निगाहें इस बात पर कि स्वास्थ्य विभाग इस बदहाली पर कार्रवाई करता या फिर मरीजों की जिंदगी यूं ही लापरवाही के हवाले रहती।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बिक्री कराने का मामला सामने आया है। इस मामले में रायबरेली रोड स्थित सैनिक नगर निवासी रितेश साहनी ने डीसीपी दक्षिणी से शिकायत की। रितेश के मुताबिक उनके पिता सुभाष साहनी कैंसर से पीड़ित होने के कारण अवसाद में थे और उनका इलाज मेदांता अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. शान्तनु भारती की देखरेख में चल रहा था। आरोप है कि पिता के पुराने परिचित ओमप्रकाश शर्मा निवासी सेनानी विहार और परिवार के अधिवक्ता वीरेन्द्र नाथ मिश्रा ने उनकी मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर संपत्ति हड़पने की साजिश रची। रितेश का कहना है कि आरोपियों ने उसकी मां को भरोसे में लेकर कुछ संपत्ति अपने नाम कराने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद 20 दिसंबर 2024 को बिजनौर स्थित उपनिबंधक कार्यालय सरोजनीनगर में हैवतमऊ-मवैया स्थित भूखंड संख्या 37, क्षेत्रफल 334.57 वर्गमीटर और खसरा संख्या 143, क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर के संबंध में कूटरचित चेक व दस्तावेजों के आधार पर विक्रय पत्र पंजीकृत करा लिया। आरोप है कि बाद में सुभाष साहनी को अचेत अवस्था में उपनिबंधक कार्यालय ले जाकर ग्राम खरिका स्थित खसरा संख्या 316, क्षेत्रफल 5005 वर्गफीट भूमि का भी कूटरचित विक्रय पत्र तैयार कराया गया। 24 फरवरी 2025 को दस्तावेज पीपी के रूप में दर्ज कर पंजीकरण स्थगित करा लिय, जबकि सुभाष साहनी की 25 नवंबर 2025 को मृत्यु के बाद 9 अप्रैल 2026 को विक्रय पत्र संख्या 6246/2026 के रूप में पंजीकरण करा लिया गया। इसको लेकर रितेश ने अनिल कुमार, शशांक कुमार शर्मा और विकास सहित अन्य आरोपियों पर साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि बाद में कब्जे का विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल डीसीपी के आदेश पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सोलर केबल और बिजली तार चोर गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

दो आरोपी रह चुके हैं बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी, 220 मीटर सोलर केबल समेत उपकरण बरामद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जल जीवन मिशन के तहत लगी पानी की टंकियों के सोलर पैनलों से केबल और विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का रहीमाबाद पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 220 मीटर सोलर डीसी केबल, 10 मीटर एलटी लाइन का विद्युत तार, तार काटने के उपकरण और चोरी में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में दो पूर्व संविदा बिजली कर्मचारी हैं। पुलिस के मुताबिक, 19 सितंबर की रात जुगराजगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास चेकिंग के दौरान पीआरवी कर्मचारियों ने तीन संदिग्ध युवकों के घूमने की सूचना दी। सोलर केबल और विद्युत तार चोरी की लगातार घटनाओं को

पुलिस गिरफ्त में चोरी के तीन आरोपी

देखते हुए रहीमाबाद पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों की पहचान माल थाना क्षेत्र के गोपरामऊ निवासी रवि गौतम (22), मोहित गौतम (24) और मधुमेश उर्फ मोनू गौतम (21) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने 18 सितंबर को तरौना और 15 सितंबर को उमरावल स्थित जल जीवन मिशन की पानी की टंकियों से सोलर पैनल के केबल और एलटी लाइन के तार चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कैथुलिया मोड़ के पास झाड़ियों से चोरी का सामान बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से फोल्डेबल वायर कटर प्लास, मेटल कटर, दो चाकू, रिंच, छोटी रेती और हीरो एचएफ डीलक्स बाइक भी बरामद की। पुलिस के अनुसार रवि गौतम और मधुमेश उर्फ मोनू पहले बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी रह चुके है। जबकि मोहित मजदूरी करता था। जांच के दौरान चंदवारा निवासी उमेश कुमार का नाम भी सामने आया। पुलिस ने उसे माल थाना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ रहीमाबाद, माल समेत अन्य थानों में चोरी से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।

यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ी, विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान में सवार एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने पर विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस का यह विमान (6ई-1054) बैंकॉक से रात करीब 8:15 बजे रवाना होकर रात 11:10 बजे दिल्ली पहुंचता है। लेकिन शनिवार रात रास्ते में अचानक एक यात्री की तबीयत बिगड़ने के कारण विमान के पायलट को लखनऊ एयरपोर्ट पर एटीसी से अनुमति लेकर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि शनिवार रात यह विमान बैंकॉक से दिल्ली जा रहा था। तभी उसमें सवार एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। यात्री की हालत खराब होते देख क्रू मेंबर ने इसकी सूचना पायलट को दी। स्थिति को देखते हुए पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने के बाद विमान को रात करीब 10:55 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। अचानक विमान की दिशा बदलकर लखनऊ में लैंडिंग होने से यात्रियों में भी कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति रही। वहीं विमान के लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचते ही मेडिकल इमरजेंसी टीम और एंबुलेंस को तैयार रखा गया। यात्री को विमान से उतारकर आनन फानन एंबुलेंस के जरिए गोमतीनगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल भेजा गया। मेडिकल इमरजेंसी के कारण विमान करीब एक घंटे तक लखनऊ एयरपोर्ट पर रुका रहा और उसमें सवार सभी यात्री विमान के अंदर ही बैठे रहे। बाद में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद विमान को रात 12:05 बजे दिल्ली के लिए रवाना कर दिय गया।

संदिग्ध हालात में निर्वस्त्र हालत में मृत पड़ा मिला अज्ञात अधेड़ का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक अज्ञात अधेड़ संदिग्ध हालात में एक प्लाट के बगल पेड़ के नीचे निर्वस्त्र हालत में मृत पड़ा मिला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि रविवार दोपहर करीब 11:30 बजे हाइडिल (गौरी) होते हुए चंद्रावल जाने वाली नहर किनारे रोड से राहगीर गुजर रहे थे। तभी नटकुर पुलिया से चंद्रावल रोड पर नटकुर स्थित मुड़ियाताली बाबा मजार के सामने ताड़ के पेड़ के नीचे करीब 55 वर्षीय एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर एक भी कपड़े नहीं थे। बल्कि वह निर्वस्त्र पड़ा था। उसके पास सिर्फ एक चादर पड़ी थी। मृतक की दाढ़ी और सिर के बाल सफेद होने के साथ वह दाहिने हाथ में कलावा बांधे था। राहगीरों ने आनन फानन इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। बाद में पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक भिखारी था और कई दिनों से आसपास क्षेत्र में घूम कर भीख मांगता रहता था। लेकिन उसकी मौत किस वजह से हुई, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

आपका विधायक, आपके द्वार ह्व कार्यक्रम के 185वां जनसुनवाई शिविर आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से संचालित ह्वआपका विधायक, आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत रविवार को रॉयल सिटी, औरंगाबाद में 185वां जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, सड़क-नाली, राजस्व, बिजली, सोलर लाइट, हाईमास्ट लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना, साइकिल, ओपन जिम, लैपटॉप और बेंच से संबंधित 32 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सभी शिकायतों को संबंधित विभागों के माध्यम से निस्तारण के लिए भेजा गया। वहीं जनसुनवाई के साथ यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ा शिविर भी लगाया गया। जिसमें श्री साईं ऑप्टिकल के सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 85

लोगों की आंखों की जांच की गई। इनमें 75 जरूरतमंद बुजुर्गों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए 193वें बॉयज यूथ क्लब और 133वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। जिसमें बॉयज यूथ क्लब के बच्चों को क्रिकेट और वॉलीबॉल किट, जबकि गर्ल्स यूथ क्लब की बच्चियों को कैरम, बैडमिंटन और वॉलीबॉल किट वितरित की गईं। जबकि शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेधावी अर्पिता पांडेय, अर्पिता सिंह, आध्या कैथवास और साहिल सिंह को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में विधायक टीम ने बताया कि साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को स्कूल और अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक आने-जाने में सुविधा होगी।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से जनसमस्याओं की सुनवाई के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है।

सई में गंदा पानी छोड़ने के विरोध में सड़क जाम, दो घंटे थमा यातायात

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। सई नदी में बांक नाले के जरिए पीजीआई क्षेत्र का कथित गंदा पानी छोड़े जाने के विरोध में रविवार को ग्रामीणों और गौ रक्षक दल के कार्यकताओं का आक्रोश फूट पड़ा। भंवरेश्वर महादेव मंदिर के पास सई नदी पुल पर धरना देकर सड़क जाम कर दी गई। इससे मौरावां-उन्नाव मार्ग पर करीब दो घंटे तक यातायात ठप रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। गौ रक्षक दल के नेता अंशुमान सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पीजीआई सहित बड़े अस्पतालों और शहरी क्षेत्र का दूषित पानी बांक नाले के माध्यम से मोहनलालगंज होते हुए मकरहा कुंड के रास्ते सीधे सई नदी में गिर रहा इससे नदी का जल प्रदूषित हो रहा और भंवरेश्वर धाम की धार्मिक गरिमा भी प्रभावित हो रही प्रदर्शनकारियों का

कहना था कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां स्नान-पूजन के लिए आते जबकि गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन भी इसी घाट पर होता सड़क जाम की सूचना पर बछरावां और रायबरेली पुलिस मौके पर पहुंची प्रदर्शनकारियों को समझाने के दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच नोकझोंक भी हुई इसी दौरान गणपति विसर्जन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए पुलिस के अनुरोध पर प्रदर्शनकारी सड़क से हट गए, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। धरने में शामिल लोगो ने मांग की कि बांक नाले का गंदा पानी सई नदी में गिरने से तत्काल रोका जाए और इसके निस्तारण की स्थायी व्यवस्था की जाए गौ रक्षक दल के नेता अंशुमान सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर भी धरना दिया जाएगा।

यूपीडब्लूजेयू में प्रदेश महामंत्री बने अजय त्रिवेदी, रोहित संगठन सचिव व सुनील दिवाकर एवं आशीष बाजपेई संयुक्त सचिव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (यूपीडब्लूजेयू) की प्रदेश कार्यसमिति का पुनर्गठन करते हुए नए पदाधिकारियों को नामित किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष टीबी सिंह ने शनिवार को राजधानी में आयोजित कार्सयसमिति की बैठक में वरिष्ठ पत्रकार एवं आज समाज समाचारपत्र के ब्यूरो प्रमुख अजय त्रिवेदी को यूपीडब्लूजेयू का प्रदेश महामंत्री नामित किया है। वरिष्ठ पत्रकार रोहित महेश्वरी को संगठन सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार दिवाकर व आशीष बाजपेई को प्रदेश कमेटी में संयुक्त सचिव का जिम्मा दिया गया है। नए पदाधिकारियों का ऐलान करते हुए

यूपीडब्लूजेयू अध्यक्ष टीबी सिंह ने कहा कि अब तक प्रदेश के 45 जिलों में संगठन की इकाई बन चुकी है और जल्दी ही सभी जिलों में यह काम पूरा कर लिया जाएगा। आईएफडब्लूजे के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत तिवारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जल्दी ही प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। आईएफडब्लूजे राष्ट्रीय सचिव सिद्धार्थ कलहंस ने कहा कि अगले महीने होने वाले राज्य सम्मेलन में नवनियुक्त पदाधिकारियों का अनुमोदन आमसभा से कराया जाएगा। आज की बैठक में यूपीडब्लूजेयू के वरिष्ठ प्रदेश सचिव उत्कर्ष सिन्हा, सचिव प्रभप्रीत सिंह, प्रकाशन सचिव वीरेंद्र सिंह, प्रचार सचिव आशीष अवस्थी, लखनऊ मंडल अध्यक्ष एंथोनी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अशोक त्रिपाठी, मुकुल मिश्रा, अमित मिश्रा व अन्य साथी शामिल रहे।

दहेज हत्या के मामले में वांछित पति गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी पति को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी के खिलाफ पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और उसकी आत्महत्या के मामले में मुकदमा दर्ज पुलिस के अनुसार, रायबरेली के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कोडरा गांव निवासी कमला देवी ने बीते शुक्रवार को निगोहां थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी 19 वर्षीय बेटी का विवाह रतनापुर निवासी करन कोरी से हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करता था आरोप है कि प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार

पर निगोहां थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना तंत्र और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपी करन कोरी पुत्र राजकुमार, निवासी रतनापुर थाना निगोहां, को गिरफ्तार कर लिया आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

आंट गढ़ी सौंरा में बच्चों को बांटी गई शिक्षा सामग्री

ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ग्रामीण बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से जन सहायता एवं पत्रकार कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से आंट गढ़ी सौंरा गांव में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित की गई और नियमित पढ़ाई के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों और अभिभावकों से संवाद कर बच्चों की शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने और उन्हें नियमित विद्यालय भेजने की अपील की गई। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास

सैनी ने बताया कि संस्था की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए कक्षाएं और जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आंट गढ़ी सौंरा सेंटर की अध्यापिकाएं सानिया और सादिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बीएसएसजीआई में आज से रूसी भाषा प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (बीएसएसजीआई) में सोमवार से रूस के मिनिन निजनी नोवगोरोड स्टेट पेडागोगिकल विश्वविद्यालय के सहयोग से रूसी भाषा, संस्कृति एवं साहित्य पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा प्रशिक्षण के लिए रूस से प्रो. शमेलेवा नतालिया व्लादिमीरोवना और संकाय सदस्य दरिया दिमित्रियेवना वारेंटसोवा भारत पहुंच चुकी संस्थान के महानिदेशक प्रो.के.के. सिंह ने बताया कि दोनों विशेषज्ञ विद्यार्थियों और शिक्षकों को रूसी भाषा के व्यावहारिक प्रयोग बोलचाल और भाषा की बारीकियों का प्रशिक्षण देंगी कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को रूस की संस्कृति साहित्य कला और परंपराओं की भी जानकारी दी जाएगी उन्होंने कहा कि विदेशी भाषा का ज्ञान छात्रों के लिए उच्च शिक्षा शैक्षणिक आदान-प्रदान और रोजगार के नए अवसर खोलता बीएसएसजीआई और मिनिन विश्वविद्यालय के बीच यह शैक्षणिक सहयोग भारत-रूस के शिक्षा संबंधों को मजबूत करेगा

संक्षेप

तालाब में जलकुंभी निकालने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला दुगार्पुर निवासी गोरेलाल उम्र 22 पुत्र पप्पू सोनकर आर्यावर्त पेट्रोल पम्प के पीछेस्थित चिल्हारी तालाब में जलकुंभी निकालने को साथी संग तालाब में जाल लेकर गया था।जहां गहरे पानी में पैर फिसलने से उसके डूबने पर साथी ने बांस के सहारे उसे निकालने का प्रयास किया।तभी गोरेलाल के तालाब में डूब जाने पर वह भी भाग निकला।घटना की जानकारी बाद मां रन्नों, भाई छोटू 27, बउवन 20, नितीश 18, बृजेश 14 व मिथलेश 12 आदि परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक छः भाईयों में दूसरे नम्बर का था। घटना की जानकारी बाद मौके पर पहुंचे कोतवाल ने शव निकालने को गंगा घाट से गोताखोरों की टीम बुलाई।जहां गोताखोरों ने काफी मशक्कत बाद शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने पंचायतनामा बाद शव विच्छेदन गृह भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि गोताखोरों की टीम ने शव बरामद कर लिया है।जिसे पीएम को जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

अज्ञात मिले युवक के शव की परिजनो ने की शिनाख्त

उन्नाव। अचलगंज चार दिन पूर्व उन्नाव रायबरेली रेल मार्ग के दौलतपुर गांव निकट रेल की पटरी में मिला अज्ञात शव अचलगंज कस्बा निवासी 23 वर्षीय युवक प्रदीप का था जिसकी शिनाख्त रविवार को मृतक के पिता राम आसरे ने की है।अचलगंज कस्बे के अवंती बाई मोहल्ला निवासी राम आसरे मूलतः सन्नी सराय के लंगड़ा पुर गांव के निवासी है जो डेढ़ दशक से अचलगंज में घर बनवा कर रह रहे है बीते 14 सितंबर की शाम को उनका 23 वर्षीय पुत्र प्रदीप अचानक गायब हो गया।काफी खोजबीन के बाद उसका सुराग न लगने से पिता ने गुमशुदगी दर्ज करा रखी थी 15 सितम्बर की सुबह एक अज्ञात युवक का ट्रेन से कटा शव दौलतपुर गांव निकट मिला था जिसकी शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया था शव का अज्ञात में अंतिम संस्कार हो जाने के बाद रविवार को मृतक के पिता ने थाने जाकर शव की फोटो,कपड़े देखकर अपना पुत्र होने की शिनाख्त की है।मृतक चार भाइयों तीसरे नंबर का था।

सड़क किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव शव की नहीं हुई शिनाख्त

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम जगत नगर के पास रविवार सुबह सड़क किनारे अधेड़ का शव पड़ा मिला। जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से मृतक के संबंध में जानकारी की। ग्रामीणों ने बताया कि अधेड़ मानसिक रूप से मंदित था और क्षेत्र में इधर-उधर घूमता रहता था। ग्रामीणों ने बताया संभवत किसी वाहन की टक्कर से घायल होने के बाद इसकी मौत हुई है। वह कहां का रहने वाला था, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने आसपास के गांवों में लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को मार्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन और मृतक की पहचान के संबंध में जानकारी जुटा रही है। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत हुई है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

पिता को मृत घोषित कर पिता की जगह बना शिक्षक माँ को मिल रही पेंशन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के मंझरिया गांव निवासी श्रीराम यादव वर्ष 2002 में क्षेत्र के ही नीमटीकर गांव में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात थे उनके छोटे पुत्र रामबरन यादव ने वर्ष 2002 में उनको म्रत घोषित करते हुए उनकी जगह पर म्रतक आश्रित कोटे से शिक्षक बन गए तथा माँ को पेंशन मिलने लगी , वर्ष 2002 में ही मंझरिया गांव छोड़ कर परिवार सहित लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गोविंदपुर के मजरे कोराना गांव में अपने ननिहाल में मकान बनवा कर रहने लगे ,वही से स्कूल आने जाने लगे रामबरन यादव ने वर्ष 2002 में ही अपना तबादला असोहा ब्लॉक से हिलौली ब्लॉक के मोहन खेड़ा गांव के प्राथमिक विद्यालय में वर्षो अध्यापक रहे ,वर्तमान समय मे पिछले कई वर्षो से हिलौली के खेरवा गांवमें उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत है । रामबरन के इस फजीर्वाड़े का खुलासा ग्रामीणों को तब हुआ जब वर्ष 2014 ,15 में म्रतक श्रीराम के नाम जमीन का बैनामा कराया गया।मोहनलालगंज के कोराना गांव के ही ललितेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने शिक्षा निदेशक , जिला बेसिक शिक्षक अधिकारी उप मुख्यमंत्री ,पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि श्रीराम यादव वर्ष 2002 में सरकारी अभिलेखों में म्रतक है तो उनके नाम जमीन का बैनामा कैसे हो गया। शिकायत कर्ता ललितेश कुमार ने बैनामे में दर्ज हस्ताक्षर व अंगूठे की मिलान श्रीराम की सेवा पुस्तिका से कराए जाने की मांग की है । वही इस बात की खबर रामबरन के पैत्रक गांव मंझरिया में पहुंचते ही हड़कंप मच गया । मंझरिया के ग्रामीणों की माने तो रामबरन वर्ष 2002 से गांव नही आया , उसके बड़े भाई देवेंद्र पुस्तैनी घर तथा परिवार के लोगो से मिलने व खेती देखने जब कब गांव आते रहते है । ग्रामीणों की माने तो श्रीराम यादव यदि वर्ष 2002 में म्रतक हुए तो उनकी जमीन की वरासत 21 वर्ष बाद 2023 में क्यों हुई ,जमीन तो तुरंत उत्तराधिकारियों के नाम चढ़ जाती है ,वही कोराना में जो रामबरन व उनके भाई देवेंद्र यादव उर्फ गुड्डू ने खरीदी आज भी श्रीराम यादव के नाम खितौनी , खसरा में दर्ज है ।इस सम्बन्ध में जब खण्ड शिक्षा अधिकारी हिलौली सुरेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व में मोहनलालगंज के किसी गांव के लोगो ने आर टी आई के माध्यम से श्रीराम व रामबरन की सेवा पुस्तिका मांगी गई थी जिसको हमने उपलब्ध करवा दिया था ,अभी तक इस सम्बंध में मेरे पास कोई लिखित शिकायत नही आई है , यदि शिकायत आती है तो यह गम्भीर प्रकरण है और जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी

नौगवां तौरा में सात दिवसीय 13 वें विशाल गणेश महोत्सव का भव्य समापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आनाह्व के गगनभेदी जयकारों के बीच रविवार को विकासखंड बिछिया के ग्राम नौगवां तौरा में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान और श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया। इसके साथ ही 14 सितंबर से शुरू हुए 13वें विशाल गणेश महोत्सव का भव्य एवं भावपूर्ण समापन हो गया। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भक्तों ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी।

नौगवां तौरा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महोत्सव के सात दिनों तक पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा की भक्ति में सराबोर रहा। प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सुबह और शाम गणपति बप्पा की आरती के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

नन्हे कलाकारों ने प्रस्तुत की आकर्षक झांकियां

गणेश महोत्सव की सबसे खास बात नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गईं विभिन्न मनमोहक झांकियां रहीं। सात दिनों तक बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भगवान गणेश के जीवन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे। नन्हे कलाकारों की प्रतिभा और प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।महोत्सव के दौरान भक्ति गीतों और गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की लगातार आवाजाही बनी रही। लोगों ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रियंका, अनुज, देवेन्द्र, अवध, नीरज, कुलदीप, विशाल, अंश, शैलू, आशू व मनीष सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बेकाबू ट्रक ने तोड़ा हाइट गेज, फल विक्रेता को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र में देर रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने जमकर कहर बरपाया। बेकाबू ट्रक पहले हरदोई पुल के पास लगे हाइट गेज बैरियर से जा टकराया और उसे तोड़ दिया, इसके बाद सड़क किनारे ठेला लेकर जा रहे एक बुजुर्ग फल विक्रेता को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान प्रयाग नारायण खेड़ा मोहल्ले के रहने वाले 60 वर्षीय राम कुमार कश्यप के रूप में हुई है। वह शहर के मोती नगर स्थित शगुन स्वीट्स के पास फल का ठेला लगाते हैं। बताया जा रहा है कि देर रात वह अपना ठेला बंद कर घर वापस लौट रहे थे, तभी जॉनसन पब्लिक स्कूल के सामने हरदोई पुल के पास लखनऊ बाईपास की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और फल सड़क पर बिखर गए।हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। बेटे ने आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर कानपुर रवाना हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर रही है। इस संबंध में कोतवाली इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, तहरीर मिलने और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

गंगा नदी में छलांग लगाने वाले युवक का अभी तक नहीं लगा कोई सुराग

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नानामऊ घाट गंगा पुल से बीते शनिवार को नदी में छलांग लगाने वाले युवक का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को भी पुलिस और गोताखोर युवक की तलाश में जुटे रहे। गौरतलब है कि क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर पतसिया निवासी इसरार उर्फ मुतीश (22) पुत्र रईस बीते शनिवार दोपहर बाद मोटरसाइकिल से नानामऊ घाट पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसने अपनी मोटरसाइकिल गंगा नदी पुल पर खड़ी कर दी। इसके बाद वह पुल पर पहुंचा और देखते ही देखते गंगा नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस तथा उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू कराई गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में काफी देर तक तलाश कराई, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका था। आज दूसरे दिन रविवार को भी गोताखोरों की मदद से पुलिस युवक की तलाश में जुटी रही। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

दो पक्षों ने जमकर बरसाए एक दूसरे पर लाठी डंडे दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुश्काबाद-मनिकापुर में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और खूनी संघर्ष हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की लिखित तहरीर पर क्रास केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मुश्काबाद निवासी पीड़िता ज्ञानवती का आरोप है कि शुक्रवार दोपहर लगभग 2:30 बजे वह अपने पति राम विलास, बेटी लक्ष्मी देवी और बेटे बिन्द बहादुर के साथ घर पर थीं। इसी दौरान गांव के सोनू , शिवम ,सनी और उमेश लामबंद होकर उनके घर में घुस आए और लाठी-डंडों व लोहे के रॉड से पूरे परिवार पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे पड़ोसी गौरी शंकर के साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष से राम नरेश ने आरोप लगाया है कि उसी दिन दोपहर करीब 3:30 बजे उनके बेटे शिवम और उनके साथी सनी रास्ते से जा रहे थे। इसी दौरान गांव के राम विलास, विन्दू, गौरी शंकर और शिव बरन ने उन्हें रोककर अकारण गालियां देना शुरू कर दिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर चारों आरोपियों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से शिवम और सनी पर हमला कर दिया, जिससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया दोनो पक्षो के आठ लोगो पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

नगर में भगवान गणेश की विशाल निकाली गई शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला खत्रीयाना स्थित गणेश महोत्सव हाल से रविवार को भगवान गणेश की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बैंड-बाजों और भक्तिमय गीतों के बीच श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। शाम को कल्याणी नदी तट पर शोभायात्रा का समापन हुआ और कल्याणी नदी में प्रतिमाए विसर्जित की गई। नगर के मोहल्ला खत्रीयाना से प्रारंभ शोभा यात्रा टेढ़ी बाजार, किला शाहजी, गुलाम मुस्तफा, अस्पताल रोड तथा हरदोई-उन्नाव रोड होते हुए सरांय चौराहा पहुंची। इसके बाद शोभायात्रा टेढ़ी बाजार, मस्तू टोला आदि मोहल्लों से होकर नानामऊ रोड स्थित कल्याणी नदी तट पर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भगवान गणेश की आरती एवं पूजा-अर्चना की गई।

कल्याणी नदी तट पर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और मंगल आरती के पश्चात गणेश प्रतिमाओं का पवित्र कल्याणी नदी में विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आने की कामना के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए।

शोभायात्रा में भाजपा नेता कुलदीप कटियार, विवेक पटेल, अरुण शंकर शुक्ला अन्ना महाराज, विधायक पुत्र अंशुल कटिहार, नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता, पुनीत गुप्ता, डॉ नीरज गुप्ता, बाला राव गुप्ता, संजीव चौधरी, सुधीर मिश्रा सद्धु, चौधरी आशीष सिंह गोलू, रविकांत गुप्ता, उपेंद्र अवस्थी उर्फ बच्चा , मनीष तिवारी, हर्षित श्रीवास्तव, पप्पू कुशवाहा, सभासद राहुल शुक्ला, ओम नारायण श्रीवास्तव, अनूप चौधरी, व सूरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष जुगल किशोर गुप्ता, आशय रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, अनिल, प्रदीप सोनी, सुशील गुप्ता, अंकुर गुप्ता सहित कमेटी के सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सराहनीय रही।

साइबर ठगो ने युवक के खाते से उड़ाए लाखो रूपए दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के स्टेट बैंक खाते से चार दिनों के भीतर कुल 1,04,896 रुपये पार कर दिए। पीड़ित को इस जालसाजी का पता तब चला जब वह बैंक से पैसे निकालने पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाई निवासी सूरज पुत्र मंगल प्रसाद का खाता भारतीय स्टेट बैंक (रइक) की पाटन शाखा में है। पीड़ित ने बताया कि 1 जुलाई से 4 जुलाई 2026 के बीच अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके खाते में सेंध लगा दी। ठगो ने 1 जुलाई को 4,995 रुपये 2 जुलाई को 5,000 रुपये 3 जुलाई को 4,901 रुपये को 4 जुलाईः एक बार में 90,000 रुपये निकाल कुल 1,04,896 रुपये पार कर दिए। पीड़ित जब अपनी जरूरत के लिए बैंक से पैसे निकालने पहुंचा, तब उसे पता चला कि उसके खाते से पूरा पैसा साफ हो चुका है और बैलेंस शून्य हो गया है। खाते से रकम गायब देखकर पीड़ित के होश उड़ गए। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया है। साइबर ठगों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

अज्ञात बाइक की टक्कर से ससुराल जा रहा युवक घायल, भांजा बाल-बाल बचा

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा गांव के पास रविवार दोपहर एक अज्ञात बाइक सवार ने सामने से आ रही दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अपनी ससुराल जा रहा युवक घायल हो गया, जबकि उसके साथ बैठा सात वर्षीय भांजा बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक समेत मौके से भाग निकला। परिजनों ने घायल को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया है।असोहा थाना क्षेत्र के गोकुल खेड़ा गांव निवासी लवकुश (23) रविवार दोपहर अपने सात वर्षीय भांजे प्रिंस के साथ बाइक से अजगैन थाना क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर एक मोड़ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लवकुश सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया, वहीं गनीमत रही कि उसका भांजा प्रिंस पूरी तरह सुरक्षित बच गया।हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायल लवकुश को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। यहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार किया जा रहा है। घायल की पत्नी भोली ने बताया कि पति रविवार दोपहर भांजे प्रिंस के साथ घर आ रहे थे, तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई।

नवरात्रि में स्कूल बैग और स्टेशनरी बांटकर शिक्षा के लिए किया जाएगा प्रेरित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवरात्रि के अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा की ओर से गरीब और जरूरतमंद छात्राओं के लिए अनूठी पहल की शुरूआत की जाएगी। कन्याओं का पूजन करें और पढ़ाएं मुहिम के तहत परिषदीय और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली 151 गरीब कन्याओं को स्कूल बैग और स्टेशनरी सामग्री वितरित की जाएगी। पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बताया कि सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओअभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करना और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना है। इसी से प्रेरित होकर नवरात्रि में कन्याओं को पढ़ाई से जुड़ी सामग्री भेंट करने की पहल की जा रही है न्याओं का पूजन करें और उन्हें शिक्षा का पूरा अवसर दें।जब एक बेटी पढ़ती है, तो वह न केवल अपने पैरों पर खड़ी होती है बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित बनाती है ह्न उन्होंने बताया कि नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के अवसर पर होने वाले कन्या पूजन में आमतौर पर प्लास्टिक के बर्तन, लंच बॉक्स अथवा खिलौने दिए जाते हैं। इसके स्थान पर स्कूल बैग, किताबें, कॉपियां और अन्य शैक्षिक सामग्री देना बालिकाओं के भविष्य के लिए अधिक उपयोगी उपहार साबित हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चयनित शिक्षकों के माध्यम से परिषदीय और सरकारी स्कूलों से नौ-नौ मेधावी छात्राओं के नाम मांगे गए हैं। चयनित छात्राओं को शक्तिस्वरूपा सम्मान के रूप में स्कूल बैग और शिक्षण सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से छात्राओं को नियमित रूप से शिक्षा जारी रखने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान पुलिस की पाठशाला में शक्तिस्वरूपा कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया जाएगा। छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं का बचाव करने के लिए आत्मरक्षा के गुर बताए जाएंगे। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 और 112 की जानकारी दी जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर वह तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।पाठशाला में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा साइबर सुरक्षा के तहत सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल, ऑनलाइन धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग से बचाव के उपाय भी बताए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के साथ सुरक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता से जोड़ना है।

आवारा कुत्तों का आतंकः भेड़ों के बाड़े में हमला कर 20 को मार डाला, 15 घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मिजार्पुर गांव में आवारा कुत्तों के आतंक से हड़कंप मचा हुआ है। आवारा कुत्तों के झुंड ने एक भेड़ बाड़े में घुसकर हमला कर दिया। इस हमले में करीब 20 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 15 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद से पशुपालक और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।शनिवार देर रात मिजार्पुर गांव के एक पशुपालक ने अपनी करीब 60 भेड़ों को बाड़े में बंद कर रखा था। देर रात आवारा कुत्तों का एक झुंड बाड़े में घुस गया और भेड़ों पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से बाड़े में भगदड़ मच गई। अपनी जान बचाने के लिए भेड़ें इधर-उधर भागने लगीं।शोर सुनकर पशुपालक और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बड़ी मुश्किल से कुत्तों को भगाया। ग्रामीणों के मुताबिक, कुत्तों ने कई भेड़ों को बुरी तरह नोंच डाला था।पशुपालक ने बताया कि यह पहला मामला नहीं है। चार दिन पहले भी इसी बाड़े में आवारा कुत्तों ने हमला किया था, जिसमें 12 भेड़ों की मौत हो गई थी। लगातार हो रहे हमलों से पशुपालक परेशान हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के इलाके में आवारा कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं, जिनका आतंक रात के समय और बढ़ जाता है। पशुपालकों को अपने पशुओं की सुरक्षा के लिए रात-रात भर जागकर निगरानी करनी पड़ रही है।घटना की जानकारी मिलने के बाद पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। टीम ने मृत और घायल भेड़ों की स्थिति देखी और घायल भेड़ों का इलाज कराया।पशुपालकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए और हमले में मारी गई व घायल हुई भेड़ों के नुकसान का आकलन कर नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाए।

युवक पर किया जान लेवा हमला दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गाली गलौज का विरोध करने पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण ने पुलिस में 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस मामले की कार्यवाही में जुटी हुई है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव हयात नगर निवासी महिपाल पुत्र कुंजन ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीते 14 सितंबर को उसका पुत्र रंजीत खेत से घर लौट रहा था तभी गांव पहुंचते ही विरोधी फूलचंद के घर के सामने पहुंचा तो पुत्र के साथ गाली गलौज शुरू कर दी जिसका विरोध करने पर विपक्षी ने अपने पुत्र और अन्य दो साथियों के साथ धारधार हथियार से हमला कर पुत्र को घायल कर दिया तथा एक अन्य विपक्षी ने तमंचा तान दिया शोरगुल सुनकर जब वह मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी लाठी डंडे हमला बोल दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने फूलचंद, अंशू ,शकील, पुत्तन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वही ग्रामीणों में चर्चा है कि जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव की स्थित चली आ रही है दोनों पक्ष परिवार के ही है। थाना प्रभारी राजकुमार ने कहा है रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है उचित कार्यवाही की जाएगी।

अनियंत्रित पल्सर बाइक ने किशोर को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम गनेशी खेड़ा मजरा बिहार निवासी आरती पत्नी राजकुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 7 सितंबर 2026 की रात लगभग 8 बजे उनका 11 वर्षीय पुत्र ऋतिक खेत से अपनी साइकिल द्वारा घर वापस आ रहा था। तभी सहिला खीरो रोड पर चौहान बोर के पास तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रहे पल्सर सवार अमरजीत पुत्र रमेश लोध और अजीत पुत्र अज्ञात ने बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऋतिक की साइकिल के परख्चचे उड़ गए और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। टक्कर से बच्चे का पैर तीन जगह से टूट गया, दाहिने हाथ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई और सिर फट गया। पीड़िता आरती का आरोप है कि एक्सीडेंट के बाद से आरोपी पक्ष उन पर कोई भी कानूनी कार्रवाई न करने का दबाव बना रहा है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकियां दे रहा है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

ब्रिक्स सम्मेलन के जरिए भारत ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और रणनीतिक स्वायत्तता की अपनी सोच को मजबूती से दुनिया के सामने रखा है। इसी बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमेरिका और भारत के बीच बढ़ता व्यापारिक तनाव अब केवल टैरिफ की लड़ाई नहीं रह गया है, बल्कि यह ऊर्जा सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक हितों से भी जुड़ गया है। रूस और ईरान से तेल खरीदने वाले देशों पर कड़े दंडात्मक शुल्क लगाने की अमेरिकी पहल ने भारत के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। भारत के लिए रूस से कच्चा तेल महज व्यापार का विषय नहीं, बल्कि बड़ी आबादी की ऊर्जा जरूरतों और घरेलू महंगाई से जुड़ा सवाल है। दूसरी ओर अमेरिका भारत का प्रमुख निर्यात बाजार है, इसलिए ऊंचे अमेरिकी टैरिफ का असर वस्त्र, इंजीनियरिंग, रत्न-आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य निर्यात क्षेत्रों पर पड़ सकता है। इसी बीच डेढ़ साल से लंबित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता निर्णायक मोड़ पर है। अमेरिका बाजार पहुंच और कृषि उत्पादों समेत रूस से तेल खरीद जैसे मुद्दों पर दबाव चाहता है, जबकि भारत किसानों, एमएसएमई और निर्यातकों के हितों के साथ स्थिर एवं प्रतिस्पर्धी टैरिफ व्यवस्था चाहता है। ऐसे समय में भारत के सामने चुनौती ब्रिक्स के जरिए वैश्विक संतुलन साधने के साथ अमेरिका से आर्थिक रिश्ते बनाए रखने की भी है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

नई विश्व व्यवस्था की धुरी बनता ब्रिक्स

विश्लेषण

प्रभात कुमार राय

वरिष्ठ स्तंभकार

यक्ष प्रश्न है कि ब्रिक्स आने वाले दौर में एक अमेरिका विरोधी मंच के तौर पर क्या एक मोर्चे का आकर ग्रहण कर सकता है? एक और जटिल प्रश्न है कि क्या भारत की ख्वाहिश के अनुसार आगामी भविष्य में बहुध्रुवीय विश्व और नई विश्व व्यवस्था का निर्माण संभव हो सकेगा? दुनिया के समक्ष उपस्थित इन सवालों पर अत्यधिक चर्चा ब्रिक्स सम्मेलन 2026 में की गई। भारत की यात्रा के तत्पश्चात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 24 सितंबर से अमेरिका की कूटनीतिक यात्रा प्रारंभ करने वाले हैं। दो ध्रुवीय विश्व को और अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए क्या अमेरिका और चीन एकजुट हो रहे हैं? ताइवान पर होने वाले संभावित सैन्य संघर्ष को दृष्टि में रखते हुए अमेरिका और चीन की दोस्ती कदाचित संभव नहीं है। निश्चित तौर पर अमेरिका द्वारा चीन के प्रति व्यापारिक उदारता का परिचय दिया जा रहा है और भारत के प्रति अत्यंत कठोरता का। ब्रिक्स का एक प्रमुख देश होने के बावजूद चीन ने भारत के प्रति अपनी विस्तारवादी नीति का कदाचित परित्याग नहीं किया है। भारत को चीन और अमेरिका के गठजोड़ के प्रति अत्यंत सतर्क रहना होगा और अमेरिकन कूटनीतिक और प्रबल आर्थिक दबावों का प्रतिरोध करते हुए, रूस के साथ अपनी ऐतिहासिक दोस्ती और आर्थिक रिश्तों को और अधिक प्रगाढ़ बनाना होगा। ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करते हुए भारत को विभिन्न देशों में अपने लिए बाजार तलाशने होंगे। भारत ने ब्रिक्स सम्मेलन में ईरान के प्रति अपनी बदलती हुई कूटनीति और रणनीति का परिचय दिया है। ईरान के चाबहार बंदरगाह पर अमेरिका द्वारा जबर्दस्त बमबारी की गई थी। जबकि भारत ने चाबहार बंदरगाह के निर्माण में बहुत बड़ा आर्थिक निवेश अंजाम दिया है। अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों के कारण भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया था। संभवतः भारत अपनी इस गलती में सुधार करेगा और ईरान से अपने आर्थिक रिश्तों को अत्यंत शक्तिशाली बनाएगा अमेरिकन के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने रूस पर अत्यंत कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयद करने वाला एक बिल बहुमत से पारित कर दिया है।

ब्रिक्स सम्मेलन के जरिए भारत ने बदलती वैश्विक व्यवस्था में अपनी कूटनीतिक भूमिका को मजबूती से रेखांकित किया है। अमेरिका-चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों, भारत-अमेरिका व्यापारिक तनाव और चीन के साथ सीमा विवाद के बीच नई विश्व व्यवस्था का सवाल बेहद महत्वपूर्ण है। भारत ने ब्रिक्स को किसी देश विरोधी मंच में बदलने के बजाय समावेशी, न्यायपूर्ण और बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था की पैरवी की। अलग-अलग मत रखने वाले देशों को एक मंच पर लाना भी भारत की कूटनीतिक क्षमता का संकेत है। अब चुनौती यह है कि भारत रूस के साथ पुराने रिश्तों, अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों और चीन के साथ जटिल समीकरणों के बीच संतुलन कायम रखते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को प्रभावी बनाए।

ताकतवर लीडर एक मंच पर

वर्ष 2026 ब्रिक्स का 18वां शिखर सम्मेलन और भारत के अध्यक्षता में अत्यंत कामयाबी के साथ संपन्न हो तो गया। ब्रिक्स आयोजन में अध्यक्षता करते हुए भारत की सबसे बड़ी कामयाबी रही कि उसने दुनिया की कुछ अत्यंत तकतवर लीडरों को दिल्ली में एक विशाल गोलमेज पर इकट्ठा कर दिखाया। चीन के राष्ट्रपति शिन जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद और दक्षिण आफ्रीका के राष्ट्रपति सीरियल रामाफोसा आदि। उल्लेखनीय है कि चीन के राष्ट्रपति शी तकरीबन सात वर्ष पश्चात भारत पधारे। ब्रिक्स 2026 सम्मेलन में शिरकत करने आए अनेक राष्ट्रों के मध्य सैन्य टकरावों और सीमा विवादों का कटुता पूर्ण इतिहास रहा है। भारत और चीन के मध्य सैन्य टकराव और सीमा विवाद का दशकों पुराना इतिहास रहा है। ईरान और यूएई जंग के मैदान में आमने-सामने खड़े रहे। सऊदी अरब पर ईरान ने मिसाइलें दागीं। इन तमाम परस्पर विरोधी देशों के लीडरों को ब्रिक्स सम्मेलन में आमने-सामने एक गोल मेज पर बैठाने के लिए भारत को कठिन कूटनीतिक प्रयास करने पड़े।

भारत ने कूटनीतिक संतुलन बरकरार रखा

यह बिल ट्रंप प्रशासन को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े खरीददार देशों पर सौ प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का कानूनी अधिकार प्रदान करता है। जिन देशों पर यह टैरिफ लागू किया जाना है, उनमें भारत भी एक प्रमुख देश है। क्योंकि भारत भी रूस से बड़े पैमाने पर तेल का आयात करता रहा है। भारत के साथ ही चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान जैसे अनेक देश भी अमेरिका के सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने के निशाने पर आ सकते हैं। यह बिल पहले ही भारी बहुमत से अमेरिकन सीनेट में पारित किया जा चुका है। अब इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाना है, जो कि निश्चित रूप से यथाशीघ्र एक एक्ट का प्रारूप धारण कर लेगा। अमेरिका वैश्विक पटल पर ब्रिक्स मंच पर विद्यमान अपने सबसे घनिष्ठ दोस्त भारत को आखिरकार दुश्मन बनने पर क्यों तुला हुआ है। ब्रिक्स सम्मेलन 2026 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने अपना बहुआयामी कूटनीतिक संतुलन बाकायदा बरकरार बनाए रखा और सम्मेलन के रुख को अमेरिका विरोधी नहीं होने दिया। सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने का बिल उस वक्त पारित किया गया है, जबकि भारत और अमेरिका के मध्य एक शुरुआती व्यापारिक समझौते पर बातचीत अंतिम दौर में है। अमेरिका वस्तुत रूस के साथ ही साथ भारत को भी अपने आर्थिक प्रतिबंधों द्वारा निशाने पर लेने पर आमादा हो गया है। भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ आरोपित करने से भारतीय निर्यातकों को जबरदस्त नुकसान पहुंचेगा।

जटिल प्रश्न पर सहमति

ब्रिक्स 2026 सम्मेलन में यह भी भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। यह तथ्य भारत के बहुआयामी कूटनीतिक दृष्टिकोण को भी दर्शाता है कि ब्रिक्स सम्मेलन में शिरकत करने आए देशों को ईरान युद्ध के बाद अपने परस्पर रिश्तों पर फिर से विचार करने का शानदार अवसर प्रदान किया गया। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस ने साथ बैठकर ब्रिक्स सम्मेलन में कूटनीतिक बातचीत को प्रारंभ किया है। नई वैश्विक व्यवस्था की संरचना कैसी होनी चाहिए इस जटिल प्रश्न पर ब्रिक्स देशों के मध्य पूर्ण सहमति बनाने में भारत को कामयाब हो गया। एक समावेशी ,न्यायपूर्ण और निष्पक्ष विश्व व्यवस्था का निर्माण करने का संकल्प दोहराया गया। ब्रिक्स 2026 सम्मेलन में कुछ मुख्य मुल्क चाहते थे ब्रिक्स मंच एक अमेरिका विरोधी मंच के तौर पर निर्मित हो जाए। लेकिन भारत की अध्यक्षता में ऐसा कदाचित संभव नहीं हो सका। ब्रिक्स सम्मेलन 2026 सर्वसम्मति से संयुक्त घोषणा पत्र को जारी कराने में कामयाब रहा। ब्रिक्स 2026 सम्मेलन से पूर्व ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दफा बैठक हुई थी, जो कि संयुक्त बयान जारी करने में नाकाम सिद्ध हुई थी। ब्रिक्स सम्मेलन के संयुक्त घोषणा पत्र में फलस्तीनियों के जबरन विस्थापन के किसी भी कदम पर कल अत्यंत कड़ा विरोध प्रकट किया गया है।

एकतरफा प्रतिबंधों की भर्त्सना

वैश्विक व्यापार को लेकर भी ब्रिक्स घोषणा पत्र में गंभीर चिंता प्रकट की गई। अत्यंत मनमाने ढंग से टैरिफ आरोपित करने के प्रति अपनी गहन चिंता का इजहार किया गया। एकतरफा आर्थिक प्रतिबंधों की घनघोर भर्त्सना की गई और अमेरिका का नाम तक लेने से भी बाकायदा परहेज किया गया। शायद इसलिए कि वाशिंगटन की नाराजगी से शायद बचा जा सके। ब्रिक्स सम्मेलन 2026 के संयुक्त घोषणापत्र में यूक्रेन युद्ध का कोई उल्लेख नहीं किया गया। हालांकि विश्व मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक दफा दोहरा चुके हैं कि यह युग युद्धों का युग कदाचित नहीं है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की पैरवी की गई। ब्रिक्स ने भारत और ब्राजील को सुरक्षा परिषद में स्थान प्रदान की पैरवी की। आतंकवाद के हर पहलू को खत्म करने का संकल्प दोहराया। वैश्विक कूटनीति की बात करें तो दुनिया में शांति स्थापित करने के लिए भारत वस्तुतः विश्व शक्तियों के मध्य संतुलन स्थापित करने की कोशिश में जुटा हुआ है। अभी कहां नहीं जा सकता कि तीसरे विश्व युद्ध के कगार खड़ी दुनिया को भारत बचा पाएगा अथवा नहीं ।

अगर अमेरिका ने 100% का टैरिफ थोप दिया तो !

मुद्दा

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिकी ससद के दोनों सदनों से सैंक्शनिंग रशा एंड ईरान एक्ट' के पारित होने को लेकर देश में आशंकाओं के बदलों का उठना स्वाभाविक है। आज जिस आर्थिकी और विश्व व्यवस्था को तकरीबन पूरी दुनिया ने अपना रखा है, उसकी वजह से पूरी दुनिया को लगता है कि अमेरिका के सहयोग के बिना वह एक कदम आगे नहीं रख सकती। वैश्विक आर्थिकी में डालर के वर्चस्व के चलते ज्यादातर देशों को लगता है कि अगर अमेरिका की आंखें टेढ़ी हुईं तो उस पर महाविपत्ति आ जाएगी। इसी सोच का ही असर है कि इस अधिनियम के पारित होने के बाद भारत के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की नजर में भारतीय विदेश नीति नाकाम नजर आने लगी है। सैद्धांतिक रूप से भारतीय वामपंथी इकोसिस्टम अमेरिका का हर पल खुला विरोध करता है, लेकिन उसे भी अमेरिकी टैरिफ कानून भारतीय हित के खिलाफ नजर आ रहा है। इन सबके बीच भारत सरकार की प्रतिक्रिया संतुलित और सधी हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अपनी 140 करोड़ की आबादी की ऊर्जा सुरक्षा के लिए दृढ़ है। जाहिर है भारत को झुकाने की सोच रखने वाले ट्रंप प्रशासन को ऐसी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं रही होगी। ऐसे में अमेरिका के अगले कदम पर निगाह रखना ज्यादा जरूरी हो जाता है।

रूस और ईरान से अगर भारत द्वारा तेल खरीदने का बुनियादी लक्ष्य रूस-यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देना या ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका और इजरायल का विरोध नहीं है। दरअसल भारत मौजूदा माहौल में अपनी भारी-भरकम जनसंख्या के लिए किफायती ऊर्जा सुरक्षा को संरक्षित कर रहा है। इसलिए भारत का न झुकना देश के विपक्षी दलों और अमेरिकी सरकार के लिए हैरतअंगेज भले ही हो, भारतीय हितों के अनुकूल नहीं है। वैसे जब से ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभाला है, अपने ऊल-जलूल फैसलों के लिए ही वे जाने गए हैं। यह पहला मौका नहीं है कि उन्होंने इस कानून के जरिए भारत को दबाने की कोशिश की है। बीते साल एक अगस्त 2025 से उन्होंने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया था। जिससे उनके ही बाजार में भारतीय वस्तुएं और सामान महंगे होने लगे थे। तब चालाकी दिखाते हुए ट्रंप प्रशासन ने फार्मास्युटिकल्स को इस टैरिफ से अलग रखा था। इसकी वजह यह है कि भारत से अमेरिका आने वाली दवाएं सस्ती पड़ती हैं। भारतीय रत्न और आभूषणों पर टैरिफ लगाने का बहुत असर नहीं पड़ा था। क्योंकि रत्न और आभूषण स्वभाव से ही महंगे होते हैं और उन्हें खरीदने वाले लोगों के लिए इनकी महंगाई मायने नहीं रखती। पश्चिमी एशिया का हालिया संकट अमेरिका की ही देन है। जब से यह संकट बढ़ा है, भारत ने रूस से तेल की खरीददारी बढ़ा दी है।

अमेरिकी संसद से रूस और ईरान पर कड़े प्रतिबंधों वाला कानून पारित होने के बाद भारत की ऊर्जा सुरक्षा और निर्यात को लेकर चिंता बढ़ी है। हालांकि भारत ने स्पष्ट किया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों और ऊर्जा जरूरतों से समझौता नहीं करेगा।

यह भारत की मजबूरी भी है। बीती जुलाई में भारत ने अपने कुल तेल आयात का 51.4 प्रतिशत तेल अकेले रूस से खरीदा था। रूस से तेल खरीद का भारतीय मकसद मौजूदा हालात में अपने लिए किफायती दरों पर तेल हासिल करना है। भारत का यह अधिकार है और मौजूदा हालात में अगर भारत झुकता है तो इसे भारतीय नागरिक शायद ही पसंद करेगा। भारत की तुलना में चीन ना सिर्फ रूस, बल्कि ईरान से भी भारी मात्रा में तेल खरीद रहा है। जानने की बात है कि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों में टेक्सटाइल्स, रत्न और आभूषण, आटोमोबाइल और इंजीनियरिंग उत्पाद ज्यादा है। टैरिफ अगर बढ़ेगा तो अमेरिकी बाजार में इनकी कीमतें महंगी होंगी, जिससे उनकी मांग घट सकती हैं। इससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है। कुछ जानकरों को लगता है कि इससे रूस से जारी तेल खरीद से मिल रही अरबों रूपए की राहत खटाई में पड़ सकती है। बेशक अमेरिका भारत का बड़ा कारोबारी साझीदार है। लेकिन मोदी के 2024 में सत्ता में आने के बाद से अब तक करीब चालीस देशों से मुक्त व्यापार समझौता किए जा चुके हैं। भारत ने हाल ही में यूरोपीय संघ से भी ऐसा समझौता किया है। भारत का मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ, ब्रिटेन, ओमान, न्यूजीलैंड आदि से मुक्त व्यापार समझौते या व्यापक आर्थिक साझेदारी का समझौता कर चुका है। भारत सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपने कारोबारी नेटवर्क का विस्तार करते हुए नौ बड़े मुक्त व्यापार समझौते भी किए हैं। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ यानी ईएफटीए मे आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इसी तरह भारत ने आसियान देशों, जापान, दक्षिण कोरिया और साफ्टा के सदस्य देशों के साथ पारंपरिक कारोबारी समझौता कर चुका है। अगर अमेरिका भारत पर टैरिफ थोपता है तो देश को चाहिए कि इन देशों के जरिए कारोबार को बढ़ावा दे। वैसे भी टैरिफ थोपने की दशा में भारतीय कारोबारी दूसरे देशों के जरिए अमेरिका में अपना माल भेज सकते हैं। उम्मीद कर सकते हैं कि सरकार भी ऐसी राह तलाशने की कोशिश में जुटी होगी। फिर भारतीय अर्थव्यवस्था भी पहले जैसी नहीं रही, इसलिए हताश और चिंतित होने की जरूरत नहीं है, भारत को अमेरिकी बाजार में घुसने के लिए वैकल्पिक राहों की तलाश तेज करनी होगी।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता क्यों अटका

रिश्ते

विवेक शुक्ला

स्वतंत्र पत्रकार

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता पिछले डेढ़ साल से चर्चा में है, लेकिन अभी तक उस पर अंतिम मुहर नहीं लगी है। दोनों देश बार-बार कहते हैं कि बातचीत आगे बढ़ रही है, फिर भी समझौता अधर में लटकता रहता है। सवाल यही है कि नई परिस्थितियों में दबाव बढ़ेगा या अमेरिका टैरिफ की धमकी से अपनी शर्तें थोपने की कोशिश करेगा। सबसे पहले बात साफ कर लेनी चाहिए। फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। उस समय द्विपक्षीय व्यापार करीब 191 अरब डॉलर था। आज यह आंकड़ा लगभग 240 अरब डॉलर के आसपास बताया जाता है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और भारत के कुल माल निर्यात का करीब पांचवां हिस्सा वहीं जाता है। इसलिए यह समझौता सिर्फ कागजी नहीं, बल्कि वस्त्र, रसायन, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग और फार्मा जैसे क्षेत्रों की लाखों नौकरियों से जुड़ा विषय है। 2025 में तनाव बढ़ा। अमेरिका ने "पारस्परिक टैरिफ" लगाया और रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त जुर्माना भी चढ़ा दिया। कुछ वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। भारतीय निर्यातकों के लिए यह बड़ा झटका था। छोटे और मझोले उद्यमों को ऑर्डर रद्द होने या मार्जिन घटने की चिंता सताने लगी। वस्त्र, चमड़ा, प्लास्टिक, रसायन और आभूषण जैसे क्षेत्रों में अनिश्चितता फैल गई। भारत ने इसे अनुचित बताया, क्योंकि रूस से तेल खरीदने वाले कुछ अन्य बड़े देश उसी अनुपात में दंडित नहीं हुए। फरवरी 2026 में मोदी-ट्रंप बातचीत के बाद माहौल कुछ नरम पड़ा। अमेरिका ने पारस्परिक टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की बात कही और रूस-तेल से जुड़ा अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क हटाने का ऐलान किया। भारत की ओर से अमेरिकी औद्योगिक सामान और कई कृषि उत्पादों -जैसे पशु आहार, मेवे, फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स-पर शुल्क घटाने या हटाने की रूपरेखा बनी। भारत ने पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा, विमान, तकनीक और कोयले की खरीद का इरादा भी जताया। दोनों सरकारों ने इसे "अंतरिम समझौते की रूपरेखा" कहा और इसे 30 खरब डॉलर के अमेरिकी बाजार की ओर एक कदम बताया। लेकिन रूपरेखा और अंतिम समझौते में फर्क होता है। भारत बार-बार कहता रहा है कि उसे प्रतिस्पर्धी देशों जैसे वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, फिलीपींस, मलेशिया और बांग्लादेश की तुलना में बेहतर या रूपरेखा बनी। यानी दबाव काम करता है। लेकिन भारत भी अब वैसा कमजोर पक्ष नहीं रहा। उसने ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और मॉरीशस जैसे देशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं। न्यूजीलैंड समझौता अक्टूबर के आसपास लागू हो सकता है और यूरोपीय संघ से बात आगे बढ़ रही है। घरेलू बाजार बड़ा है, ऊर्जा जरूरतें गंभीर हैं और किसान-डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर सरकार समझौता नहीं करना चाहती। कृषि मंत्री पहले ही कह चुके हैं कि किसानों के हितों पर कोई समझौता नहीं होगा। इसलिए दबाव दोनों तरफ से बढ़ सकता है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर डेढ़ साल से जारी बातचीत अब निर्णायक मोड़ पर है। टैरिफ, रूस से तेल खरीद, कृषि और बाजार पहुंच जैसे मुद्दे दोनों देशों के बीच अड़चन बने हैं। अमेरिका दबाव बढ़ा रहा है, जबकि भारत अपने किसानों, निर्यातकों और घरेलू उद्योगों के हितों की रक्षा चाहता है।

कम-से-कम बराबरी का टैरिफ फायदा चाहिए। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का रुख साफ है कि जब तक अमेरिका भारत को प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले तरजीही दर नहीं देता, तब तक अंतिम विवरण घोषित नहीं होगा। भारत सरकार ने कहा है कि उसने अमेरिका को पहले ही बता दिया है कि ऐसे कदम ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक बाजार और द्विपक्षीय रिश्तों पर असर डाल सकते हैं। क्या अमेरिका टैरिफ का डर दिखाकर अपनी मर्जी थोपेगा? अनुभव बताता है कि टैरिफ ट्रंप प्रशासन की पसंदीदा रणनीति रही है। 2025 में 50 प्रतिशत तक शुल्क चढ़ाने के बाद ही फरवरी 2026 की है। अमेरिका चाहता है कि भारत ज्यादा अमेरिकी सामान खरीदे, कृषि बाजार खोले, गैर-टैरिफ बाधाएं घटाए और रूस से तेल खरीद घटाए। भारत चाहता है कि उसके निर्यात को अमेरिका में स्थायी और प्रतिस्पर्धी पहुंच मिले, टैरिफ अचानक न बढ़ें और कृषि-डेयरी पर लाल रेखा बनी रहे। फिलहाल गेंद दोनों के पाले में है। अब इस माह और अक्टूबर की बातचीत बताएगी कि दबाव समझौते की ओर ले जाता है या फिर नई अनिश्चितता की ओर। दोनों लोकतंत्रों को यह याद रखना होगा कि व्यापार सिर्फ शुल्क की गणित नहीं, बल्कि विश्वास का मामला भी है।

भारत के परिवेश में चीज़ें बदलती रहेंगी

अमेरिका-कनाडा विवाद

योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

बनते-बिगड़ते विश्व की तस्वीर में जब सत्ता का पैमाना बढ़ जाता है तो कहीं कुछ किसी को फ़ायदा होता है तो किसी को नुक़सान, लेकिन जब कहानी वर्चस्व की आ जाए तो सिक्के का एक ही पहलू नज़र आता है और वह है सम्मान। समस्या यह है कि अमेरिका और कनाडा दोनों ही अपने आप सम्पन्न देशों में आते हैं, लेकिन दोनों को यह भी समझना होगा कि विश्वपटल पर उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सबका साथ चाहिए होता है, जिसके लिए बहुत समझौते करने होते हैं। बहरहाल यदि भारत के परिवेश में ऐसी स्थिति बनती है तो इसके सकारात्मक व नकारात्मक दोनों तरह के पहलू सामने आ सकते हैं। भारत की सौदेबाजी की ताकत बढ़ सकती है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसलिए यदि भारत भी चुनिंदा अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाए, तो अमेरिकी कंपनियों और सरकार पर भी आर्थिक दबाव पड़ेगा। इससे व्यापार वार्ता में भारत के पास एक अतिरिक्त समझौता उपकरण हो सकता है। घरेलू उद्योग को संरक्षण मिल सकता है। अमेरिकी सामान महंगे होने पर कुछ भारतीय निर्माता अपने बाजार का हिस्सा बढ़ा सकते हैं। खासकर उन क्षेत्रों में जहां भारत के पास पहले से पर्याप्त उत्पादन क्षमता है। व्यापार का विविधीकरण तेज हो सकता है। भारत यूरोप, कनाडा, एएसईएएन, खाड़ी और अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए मजबूर होगा, लेकिन नुकसान ज्यादा व्यापक हो सकते है। भारतीय निर्यातकों को सीधा नुकसान हो सकता है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। अप्रैल–अगस्त 2026 में भारत का अमेरिका को वस्तु निर्यात लगभग 43 अरब रहा। और अगस्त में ही अमेरिका को भारतीय वस्तुओं का निर्यात लगभग 21% बढ़कर 8.3 अरब डॉलर पहुंचा। इसका मतलब है कि मौजूदा समय में अमेरिकी बाजार भारतीय निर्यात के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अगर भारत व्यापक व्यापार युद्ध शुरू करता है और अमेरिका भी जवाब में भारतीय उत्पादों पर भारी शुल्क लगाता है, तो कपड़ा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, आभूषण और अन्य निर्यात उद्योग प्रभावित हो सकते हैं।रोजगार पर असर पड़ सकता है।

निर्यात घटने का असर केवल बड़ी कंपनियों पर नहीं पड़ेगा। श्रम-प्रधान उद्योगों और उनसे जुड़े छोटे कारोबारों पर भी असर पड़ सकता है।भारत के लिए अमेरिकी आयात भी महंगे होंगे।अमेरिका से आने वाली मशीनरी, तकनीकी उपकरण, खरीदने वाले देशों पर बहुत ऊंचे शुल्क लगाने का प्रावधान है। भारत ने कहा है कि इससे उसके ऊर्जा हित और भारत-अमेरिका संबंध प्रभावित हो सकते हैं। भारत के लिए रूस से सस्ता कच्चा तेल छोड़ना भी महंगा हो सकता है, क्योंकि उसका सीधा संबंध पेट्रोल-डीजल, परिवहन लागत और महंगाई से है। इसलिए भारत के लिए अमेरिका के साथ टकराव का प्रभाव केवल निर्यात-आयात तक सीमित नहीं रहेगा।भारत की सौदेबाजी की ताकत बढ़ सकती है।अमेरिका भारत का एक बड़ा निर्यात बाजार है और दोनों देशों के बीच

अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच भारत के सामने अवसर और चुनौतियां दोनों हैं। जवाबी शुल्क से सौदेबाजी की ताकत और घरेलू उद्योग को संरक्षण मिल सकता है, लेकिन निर्यात, रोजगार, आयात लागत और ऊर्जा सुरक्षा पर दबाव बढ़ने का जोखिम भी है।

औद्योगिक सामग्री और दूसरे उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने का अर्थ भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ना भी हो सकता है।अमेरिकी व्यापार आंकड़ों के अनुसार जनवरी–जुलाई 2026 में अमेरिका ने भारत से लगभग 60 अरब की वस्तुएं आयात कीं, जबकि भारत को 30.44 अरब डॉलर की अमेरिकी वस्तुएं निर्यात कीं। यानी दोनों देशों का व्यापार काफी बड़ा है और दोनों पक्षों को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि वर्तमान विवाद केवल टैरिफ तक सीमित नहीं है। अमेरिका में ऐसा विधेयक आगे बढ़ा है जिसमें रूस से महत्वपूर्ण मात्रा में तेल व्यापारिक संबंध काफी व्यापक हैं। ओंटारियो कनाडा के ऑटो मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री का केंद्र है।उन्होंने साल 2025 में कुछ समय के लिए अमेरिका को होने वाले सभी बिजली निर्यात पर 25% सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव रखा था जिसके बारे में उनकी सरकार का अनुमान था कि इससे मिशिगन, मिनेसोटा और न्यूयॉर्क में 15 लाख घरों और व्यवसायों पर असर पड़ेगा।कनाडा पोटाश सहित कई अहम चीजों का प्रमुख स्रोत भी है।पोटाश एक ऐसा उत्पाद है जिसका उपयोग उर्वरक में किया जाता है और जिसके लिए कनाडा दुनिया का शीर्ष आपूर्तिकर्ता है।

संक्षेप

बाईपास पर स्कॉर्पियो सवार युवकों पर फायरिंग

1 गोली गाड़ी में लगी, कार से पीछा कर बदमाशों ने किया ओवरटेक; केस दर्ज

अमेठी ,कोतवाली क्षेत्र के बाईपास पर देर शाम स्कॉर्पियो सवार युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना सामने आई है। आरोप है कि स्विफ्ट डिजायर कार सवार बदमाशों ने पहले स्कॉर्पियो का पीछा किया और फिर ओवरटेक कर गोली चला दी। पीड़ितों के मुताबिक, हमलावरों ने तीन राउंड फायर किए। इनमें एक गोली स्कॉर्पियो में लगी, जबकि दो हवाई फायर कर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लखनऊ से घर लौट रहे थे युवक बंदोईया गांव निवासी यश तिवारी अपने साथी आदर्श तिवारी के साथ स्कॉर्पियो से लखनऊ से घर लौट रहे थे। बताया गया कि अमेठी बाईपास पर स्विफ्ट डिजायर कार सवार लोगों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया। आरोप है कि कार सवारों ने स्कॉर्पियो को ओवरटेक करने के बाद उस पर फायरिंग कर दी। घटना के समय आदर्श तिवारी गाड़ी चला रहे थे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने यश तिवारी को निशाना बनाया था। मामूली विवाद में फायरिंग का आरोप इस मामले में अमेठी कस्बे के सूरज सोनी, उसके साथी शुभम गुप्ता, शिवपूजन और एक अज्ञात व्यक्ति पर फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। सूरज सोनी को हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। हालांकि, घटना के पीछे मामूली विवाद की बात कही जा रही है, लेकिन विवाद की वजह और आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। एएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षणघटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बारिश से गरीब का मकान गिरा

15 दिन पहले कच्चा हिस्सा ढहा था, अब पक्का मकान भी गिरा; परिवार खुले आसमान के नीचे

अमेठी ,लगातार हो रही बारिश ने एक गरीब परिवार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। संग्रामपुर ब्लॉक के मिश्रौली बड़गांव गांव में बनवारी लाल मौर्य का मकान बारिश के कारण ढह गया है। पहले उनके कच्चे मकान का हिस्सा गिरा था, अब पक्के मकान का हिस्सा भी ढह गया, जिससे उनका परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। बनवारी लाल मौर्य ने बताया कि उनका मकान करीब 40 साल पुराना था और काफी कमजोर हो चुका था। करीब 15 दिन पहले हुई बारिश में उनके घर का कच्चा हिस्सा गिर गया था। तब उन्होंने घर का राशन और दूसरा सामान सुरक्षित जगह पर रख दिया था। उन्होंने इस घटना की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दी थी, लेकिन उनके मुताबिक मौके पर जांच के लिए कोई नहीं पहुंचा। बनवारी लाल ने बताया कि लगातार बारिश के चलते अब मकान का पक्का हिस्सा भी गिर गया है।

महिलाओं की भागीदारी के बिना सामाजिक न्याय अधूरा: प्रीती मिश्रा

महिलाओं की आवाज को निर्णय प्रक्रिया तक पहुंचाना हमारा संकल्प

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। समाजवादी पार्टी महिला सभा द्वारा गोंडा रोड स्थित विनायक रिसॉर्ट में आयोजित महिला जन संवाद में अभूतपूर्व महिला भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में महिलाओं के पहुंचने से आयोजन ने ऐतिहासिक महिला जन समूह का रूप ले लिया। महिलाओं की बड़ी मौजूदगी के बीच महिला सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर व्यापक संवाद हुआ। कार्यक्रम में ढऊअ–पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक–के सामाजिक न्याय के संदेश पर भी वक्ताओं ने जोर दिया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजभर जी रहीं। कार्यक्रम का आयोजन महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती प्रीती मिश्रा पत्नी इं जय प्रकाश मिश्र रजे.पीश् ने किया, जबकि अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट राम हर्ष यादव ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री बंशी धर बौद्ध एवं पूर्व विधायक शब्बीर बाल्मिकी रहे। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक के. के. ओझा, महिला सभा की जिलाध्यक्ष मनु देवी एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव शाहिस्ता परवीन मौजूद रहे। मंच संचालन युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश मौर्य शैलू ने के किया।मुख्य अतिथि महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजभर ने कहा कि महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी इस बात का संदेश है कि महिलाएं अपने अधिकारों, सम्मान और भविष्य को लेकर जागरूक हैं। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक एवं लोकतांत्रिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा महिला संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। सपा नेता इं जय प्रकाश मिश्र रजे.पीश् ने कहा कि महिला जन संवाद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं की आवाज को सुनने और उसे व्यापक सामाजिक एवं लोकतांत्रिक विमर्श तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने और सामाजिक न्याय के सवालों को आगे बढ़ाने के लिए संवाद का यह सिलसिला जारी रहेगा अध्यक्षीय संबोधन में एडवोकेट राम हर्ष यादव ने कहा कि महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी समाजवादी पार्टी के संगठन के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संगठन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक अवसर मिलना चाहिए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाए और महिला सुरक्षा, महंगाई, रोजगार तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरिता राजभर, महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव शशि यादव, रेखा राव, ललिता हरेंद्र, दीपिका पाल, सविता विश्वकर्मा, अनुराधा वर्मा, मंजू चौधरी, संत कुमार पासी, आनंद प्रकाश यादव, अभिषेक यादव, मेराज खां, नंदेश्वर यादव, मयंक मिश्रा, रशीद अहमद विधानसभा सचिव नानपारा, विकास चौधरी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। समापन पर आयोजक महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रीती मिश्रा ने सभी अतिथियों, पार्टी पदाधिकारियों, महिला कार्यकर्ताओं, उपस्थित महिलाओं तथा पत्रकार एवं मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

इक्जामनाथ सामान्य ज्ञान परीक्षा सम्पन्न, एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

प्राइमरी, जूनियर और सीनियर तीन वर्गों में आयोजित हुई प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार/फैजान

कैसरगंज, बहराइच। प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास एवं कोशिश फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इक्जामनाथ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय हुकुम सिंह इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता में कैसरगंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।परीक्षा नियंत्रक शेखर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता तीन पालियों में सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में प्राइमरी स्तर, द्वितीय पाली में जूनियर स्तर तथा तृतीय पाली में हाईस्कूल से लेकर इंटरमीडिएट स्तर के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों की ओर से परीक्षा को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।रसल रघुवंशी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में सामान्य ज्ञान के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने परीक्षा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रबंधक विश्वपाल सिंह, विक्रम श्रीवास्तव,फैजान अहमद, पंकज मिश्र, ओम, इंद्र मोहन यादव, जितेन्द्र सिंह, कुणाल सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

घर से निकला युवक वापस नहीं लौटा, सुबह झाड़ियों में मिला शव

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। रंजीतबोझा गांव में रविवार सुबह करीब 9:30 बजे प्राथमिक विद्यालय जाने वाले रास्ते के किनारे धनीराम के बाग की झाड़ियों में एक 22 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पहचान रंजीतबोझा निवासी तसव्वर उर्फ शब्बीर के रूप में हुई है। वह कबाड़ का काम करता था और नेपाल जाकर कबाड़ खरीदने व बेचने का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार, वह शनिवार को काम के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आया। रविवार सुबह उसका शव झाड़ियों में मिलने की जानकारी परिजनों को हुई।मृतक के भाई रज्जब अली ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मौत को संदिग्ध बताते हुए मामले की जांच की मांग की है। मृतक के परिवार में दो बेटियां हैं।प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाबागंज में इंटरसिटी ट्रेन की ठहराव की मांग को लेकर भारतीय किसान परिषद ने दिया

अंडरपास को व्यवस्थित करने व समपार फाटक बनाए जाने की मांग को लेकर आंदोलित हुए कार्यकर्त्ता

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में रविवार को बाबागंज रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना आयोजित कर रुपईडीहा से नानपारा रेलवे स्टेशन के मध्य निर्मित अंडरपास व्यवस्था को समाप्त कर उसके स्थान पर समपार फाटक बनाए जाने तथा बाबागंज रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर रेल मंत्रालय को ज्ञापन प्रेषित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान, मजदूर व दैनिक यात्री उपस्थित रहे। भारतीय किसान परिषद द्वारा आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट व जिला संयोजक समाजसेवी शिव पूजन सिंह ने कहा कि रुपईडीहा व नानपारा रेलवे स्टेशन के मध्य बनाए गए अंडरपास में वर्षाकाल में छह से सात महीने तक पानी भरा रहता है, जिसके चलते आवागमन बाधित हो गया है। किसान खेती-किसानी नहीं कर पा रहे हैं और विद्यार्थियों का पठन-पाठन बाधित है। किसानों, महिलाओं व मजदूरों को अपने गंतव्य, बाजार, शिक्षण संस्थान व कार्यस्थल तक पहुंचने में तमाम दुश्वारियां झेलनी पड़ रही हैं। रुपईडीहा-बाबागंज के मध्य गंगापुर गांव के पास अंडरपास में लगातार जलभराव के चलते रुपईडीहा जाने वाले मार्ग को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय जनता में आक्रोश भड़क रहा है, लेकिन रेलवे विभाग एवं प्रशासन इन सब से बेखबर बना हुआ है। किसान नेताओं ने उपस्थित किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि यदि एक माह के भीतर अंडरपास व्यवस्था समाप्त कर समपार फाटक न बनाया गया, तो जनांदोलन को दिल्ली तक पहुंचाया जाएगा।जिला संयोजक शिव पूजन सिंह व ब्लॉक संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बाबागंज रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव की भी मांग की, ताकि स्थानीय जनता को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हो सके और यात्रा सुगम, सस्ती व व्यवस्थित हो सके। विकासखंड नवाबगंज के ब्लॉक प्रमुख जे.पी. सिंह ने बाबागंज रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन ठहराव व नानपारा से रुपईडीहा स्टेशन के मध्य पड़ने वाली अंडरपास व्यवस्था को समाप्त कर समपार फाटक बनाए जाने की मांग को जायज बताया। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए किसान परिषद प्रतिनिधिमंडल के साथ रेल मंत्री से मिलने की कार्ययोजना बनाए जाने की बात भी कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमाकांत तिवारी ने किया। आयोजित कार्यक्रम को प्रमुख रूप से क्षेत्रीय समाजसेवी छेदा खान, अशोक कुमार पाठक, केशव राम शर्मा, किसान नेता बद्री सिंह, समाजसेवी रुद्र प्रताप मिश्रा, रावेंद्र नाथ शर्मा, संतोष मिश्रा, साहिद हुसैन, धीरेंद्र शर्मा, प्रधान संघ उपाध्यक्ष तकम्मस खां, शकील अहमद, सोनू यादव, पंकज अग्रवाल, भुवन भास्कर वर्मा, राम कुमार, पवन वर्मा, जैतुना सिद्दीकी, राजेश सिंह, चंदन, मुरसलीन, विशेष सिंह आदि लोगों ने संबोधित कर किसान परिषद द्वारा दिए गए मांग पत्र का समर्थन किया और समस्या का समाधान होने तक चलाए जा रहे जन आंदोलन में हर संभव सहयोग का वादा भी किया।

पशुपालन विभाग के निर्देशक ने गौशाला का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के ग्राम पंचायत परसेण्डी की आस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण निदेशक पशुपालन विभाग डा० राजेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया मौके मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बहराइच एवम उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कैसरगंज इबरार अहमद प्रधान प्रधान रियाज अहमद ग्राम विकास अधिकारी पंकज कुमार मौर्या द्वारा किया गया इस मौके पर पशु अधिकारी ने गौ माता की पूजा अर्जना करके गुड़ चना और केला खिलाया गया तद्पश्चात गौशाला का भृमण करके साफ--सफाई की व्यवस्था एवम भूषा, दाना, न हरा चारा की गोदाम का निरीक्षण किया गया जो सही पाया गया और सभी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि हरा चारा के लिए किसानो से अनुवन्ध शीघ्र करा लिया जाय और उप मुख्य पशु चिकितसा अधिकारी अपनी देख-रेख में पशुओं का समुचित इलाज चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करे अन्य सभी जो भी कमियां है उसकी व्यवस्ज्ञाए सुनिश्चित कराए।

स्व. जगदीश सिंह की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

त्रिभुवन आश्रम में समाजसेवी की स्मृतियों को किया गया नमन

पुष्पांजलि अर्पित कर समाजसेवा के योगदान को किया याद

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विधानसभा क्षेत्र पयागपुर के त्रिभुवन आश्रम, त्रिभुवन दत्त पुरा में रविवार को राष्ट्रीय हिन्द समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर दहौरा के पूज्य पिता एवं समाजसेवी स्वर्गीय श्री जगदीश सिंह की 10वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उपस्थित लोगों ने दिवंगत समाजसेवी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों ने स्वर्गीय जगदीश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके सामाजिक कार्यों और समाजसेवा में योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के लिए किए गए उनके कार्य और उनके विचार हमेशा लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिन्द समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डॉ. अरविंद सिंह रावत की विशेष उपस्थिति रही। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय हिन्द समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर दहौरा, पूर्व गन्ना चेयरमैन सुदर्शन सिंह, महारानी पद्मावती यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवानी ठाकुर, किसान कर्ज मुक्त अभियान कमेटी के राष्ट्रीय संयोजक जयनू ठाकुर, लाल बिक्रम सिंह, एडवोकेट रजनीश कनौजिया, एडवोकेट शिवनाथ शिखर, उद्भव सिंह कृष्णा, संतोष सिंह सरपंच, देवा सिंह, कृपा राम गौतम, बड़कऊ पाल, उग्रसेन सिंह, उमेश कुमार, मनोज कुमार तथा केशव राम यादव सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

एमपीडी इंटर कालेज बरदहा मे प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा

अमन लेखनी समाचार

आर एन तिवारी

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के मां पार्वती देवी इंटर कॉलेज बरदहा बहराइच में प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश प्रताप सिंह जी रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रावस्ती बहराइच एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक रामनिवास वर्मा ने किया। कार्यक्रम मे कल 13 जिलों के 500 से अधिक छात्र एवं सबसे अधिक आचार्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन लखनऊ संभाग संभाग निरीक्षक श्याम मनोहर शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में स्वागत एवं परिचय साकेत संभाग निरीक्षक कैलाश चंद्र वर्मा ने कराया। श्रावस्ती संभाग के संभाग निरीक्षक मिथिलेश कुमार सिंह जी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश कुमार अवस्थी ने प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बच्चों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि यह विद्यालय भारतीय संस्कृति संस्कार और सभ्यता को लेकर चलने वाला। हम सभी को चाहिए कि अपने बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा के लिए विद्या भारती के विद्यालय में पढ़ाया उन्होंने यह बताया की हिंदी और संस्कृत हमारे संस्कृति को जीवंत करती अंग्रेजी को तवज्जो जरूरत के अनुरूप दिया जाए।

माननीय मंत्री ने बच्चों एवं विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार को शिक्षा के साथ-साथ खेल जगत में आने वाले बच्चों को खेलो इंडिया बढ़ो इंडिया के अंतर्गत शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास पर बल देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संरक्षक एवं जन शिक्षा समिति बहराइच के अध्यक्ष श्रीमान घनश्याम सिंह चौहान ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संयोजन बाबा परमहंस सरस्वती विद्या मंदिर बरदाहा के तत्वाधान में हुआ। मां पार्वती देवी इंटर कॉलेज के प्रांगण में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे प्रदेश भर के भाजपा के वरिष्ठ अतिथिगण, कार्यकर्तागण, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं तमाम जनमानस उपस्थित रहा।

पुलिस ने 151 गुम मोबाइल बरामद कर लौटाए

फोनों की अनुमानित कीमत 23 लाख रुपए, एसपी ने मोबाइल मालिकों को सौंपे

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, पुलिस की सर्विलांस सेल और जनपदीय पुलिस टीम ने रविवार को 151 गुम मोबाइल फोन बरामद किए।इनकी अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रविवार दोपहर 3:30 बजे बरामद मोबाइल उनके मालिकों को लौटा दिए। अपने फोन वापस पाकर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने उएकफ पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और मिले प्रार्थना पत्रों के आधार पर मोबाइल बरामदगी की कार्रवाई की। यह अभियान एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक वृजनारायण सिंह की देखरेख में चलाया गया। सर्विलांस सेल ने जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों के साथ मिलकर शिकायतों पर काम किया।

सर्विलांस सेल और स्वाट टीम ने की कार्रवाई मोबाइल बरामदगी अभियान में सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक शिवानंद यादव, हेड कांस्टेबल अनुराग सिंह, कांस्टेबल अभिषेक, शैलेंद्र, ललित और विजय शामिल रहे। इनके साथ सुल्तानपुर की पूरी स्वाट टीम भी मौजूद थी। दूरसंचार विभाग के उएकफ पोर्टल के माध्यम से गुम या चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक और अनब्लॉक कराया जा सकता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल खरीदते समय उसका कटएक नंबर नोट कर सुरक्षित रखें। फोन गुम या चोरी होने पर नजदीकी थाने में सूचना दें और उएकफ पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करें। पुलिस ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने तथा अनजान व्यक्तियों या लिंक के साथ निजी जानकारी और बैंकिंग विवरण साझा न करने की भी सलाह दी है।

सई नदी में नहाते समय युवक डूबा

दूसरे दिन भी तलाश जारी, एनडीआरएफ के गोताखोर 5 किलोमीटर तक कर रहे सर्च

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, नगर कोतवाली क्षेत्र में सई नदी में नहाते समय एक 24 साल का युवक डूब गया। यह घटना शनिवार को पूरे ईश्वरनाथ के पास हुई। रविवार को दूसरे दिन भी एनडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में जुटी रही, लेकिन दोपहर दो बजे तक उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस के मुताबिक, नदी में करीब पांच किलोमीटर के दायरे में खोजबीन की जा रही है। युवक की पहचान धारूपुर कटरा निवासी 24 वर्षीय टिक्कू उर्फ दिव्यांशु यादव पुत्र मिठाई लाल के रूप में हुई है। वह शनिवार को धारूपुर निवासी रजिन्द्र गौड़ के 14 वर्षीय बेटे दीपक गौड़ और सुरेंद्र गौड़ के 12 वर्षीय बेटे प्रियांशु के साथ था। ये सभी अपने रिश्तेदार फूलचंद्र गौड़ उर्फ पुजारी के यहां निमंत्रण में पूरे ईश्वरनाथ आए थे।बताया गया कि दिव्यांशु गर्मी लगने की बात कहकर कपड़े उतारकर सई नदी में नहाने चला गया। जब वह काफी देर तक नदी से बाहर नहीं आया, तो दोनों किशोर परेशान हो गए। उन्होंने तुरंत परिजनों को इसकी जानकारी दी सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से नदी में उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह एनडीआरएफ के गोताखोरों ने फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण का लगाया आरोप

डीएम को ज्ञापन सौंपा, मौके की जांच की मांग की

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,देवकली गांव में सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत लेकर रविवार को कई ग्रामीण डीएम आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। उन्होंने रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराने और आने-जाने का रास्ता खुलवाने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, गांव से सराय चौरेठ की ओर जाने वाला मुख्य सार्वजनिक रास्ता लंबे समय से विवादित है। आरोप है कि कुछ लोग रास्ते में रुकावट डाल रहे हैं और जमीन घेरकर निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। ज्ञापन में उमेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह डंगराहा और विजय सिंह समेत कई अन्य लोगों पर रास्ते में रुकावट डालने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले उपजिलाधिकारी सदर से भी की जा चुकी है। उनका कहना है कि पहले से दर्ज 13 फीट रास्ते को लेकर भी विवाद किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यह मामला सिविल कोर्ट में चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक रास्ता गांव के लोगों के आने-जाने का मुख्य मार्ग है। रास्ते पर रुकावट होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मौके पर जांच कराकर सही स्थिति साफ करने, सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने और नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की।

संक्षेप

पुलिस मुठभेड़, दो पशु चोर गिरफ्तार

पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे थे चोर, पैर में गोली लगने से घायल; एक साथी फरार

बागपत ,खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान और मध्य रात्रि दो पशु चोरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों चोरों के पैर में गोली लगी है और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये चोर मेरठ के रहने वाले हैं और पशु चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस बसी नहर पटरी पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर सवार होकर आ रहे तीन चोरों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। चालक ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो पशु चोरों के पैर में गोली लगी। तीसरा चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इन चोरों ने खेकड़ा और चंडी नगर थाना क्षेत्र में पशु चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार पशु चोरों की पहचान शान मोहम्मद और इसरार के रूप में हुई है। ये दोनों मेरठ जिले के रहने वाले हैं और लगातार पशु चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस इनके फरार तीसरे साथी की तलाश कर रही है ।सीओ रोहन चौरसिया ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकने और अपराधियों पर कार्रवाई के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी एक बाइक को रोका गया और बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो पशु चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनके पैर में गोली लगी है और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। फरार साथी की तलाश की जा रही है।

प्लाट खरीदने वालों से धोखाधड़ी

प्लाट पर कब्जा कर चेक बाउंस किए, पीड़ितों ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

बागपत,निवाड़ा बांगर गांव में प्लाट खरीदने वाले कई लोगों ने एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इन लोगों का कहना है कि आरोपी ने उनके प्लाट पर कब्जा कर लिया और रकम के बदले जो चेक दिए, उनका भुगतान नहीं हो सका। पीड़ितों ने जिलाधिकारी (डीएम) से शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। वे अपने प्लाट या रकम वापस चाहते हैं। शिकायत में बताया गया है कि संतोष, मोहित कुमार और मोनू कुमार समेत कई लोगों ने 9 सितंबर 2025 को निवाड़ा बांगर के खसरा नंबर 196 में आवासीय प्लाट खरीदे थे। बैनामे के समय उन्हें प्लाट का कब्जा भी मिल गया था। पीड़ितों का आरोप है कि उन्होंने अपने प्लाटों की नींव भरवा दी थी। जब वे निर्माण शुरू कराने पहुंचे, तो आरोपी पक्ष ने मजदूरों को भगा दिया और काम नहीं करने दिया ।पीड़ितों का यह भी आरोप है कि बाद में उन्हें प्लाट की कीमत लौटाने का भरोसा देकर अलग-अलग रकम के चेक दिए गए। संतोष को 7 लाख 25 हजार रुपये का एक चेक मिला। जब उन्होंने इसे बैंक में लगाया, तो 6 अगस्त 2026 को खाते में पर्याप्त पैसे न होने के कारण वह बाउंस हो गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि अन्य पीड़ितों को भी ऐसे ही चेक दिए गए, जिनका भुगतान नहीं हो सका।

धूमधाम से संपन्न हुआ गणेश महोत्सव अंतर्गत विशाल जागरण

गणपति बप्पा के दरबार में सम्पन्न हुआ महाभंडारा

अमन लेखनी समाचार

नौबस्ता,जनपद के नौबस्ता क्षेत्र अंतर्गत बौद्ध नगर पुरानी बस्ती धोबिन पुलिया में चल रहे गणेश महोत्सव अंतर्गत कल प्रमुख यजमान श्रीमती हेमलता शुक्ला अम्बुज शुक्ल कनिष्क शुक्ल ज्योति एवं रवि कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में कार्यरत सौरभ कुशवाहा की धर्मपत्नी आदि लोगों ने वेद मंत्रों की ध्वनि से भगवान गणपति बप्पा का पूजन किया वहीं दूध दही पंचामृत शहद गंगाजल आदि से स्नान करा कर नवीन वस्त्र धारण कराते हुए गरी मखान तथा पुष्प हार पहनाकर महाआरती संपन्न की वहीं देर शाम प्रमुख यजमान समेत भारी संख्या में पहुंचे नगर वासियों ने महा आरती संपन्न की आरती संपन्न होने के बाद सभी भक्तों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया तथा रात्रि कालीन बेला में श्री बालाजी जागरण पार्टी के तत्वावधान में विशाल जागरण झांकी कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ जहां भगवान गणपति बप्पा बांके बिहारी श्री राधा रानी मां काली जी पवन पुत्र हनुमान जी महाराज भोले बाबा भैया पार्वती जामवंत आदि सभी देवी देवताओं की झांकियां निकालते हुए भक्तों को भाव विभोर कर दिया संपूर्ण रात्रि यह देख सभी भक्तों ने जमकर जयकारे लगाएं वही समिति के वरिष्ठ सदस्य दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कल गणपति बप्पा के पावन दरबार में महा भंडारा आयोजित हुआ विशाल भंडारा प्रातः काल 10 बजे से अनवरत देर शाम तक चलता रहा जिसमें केवल नौबस्ता क्षेत्र ही नहीं अपितु जनपद तथा दूसरे जनपद के भक्तगणों ने भी महा भंडारे के महाप्रसाद को ग्रहण किया इस मौके पर समिति के सभी सदस्यों समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे

अमौली मेला रामलीला मैदान का हुआ सुंदरीकरण शिलान्यास

क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल ने पहुंचकर किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत लगभग 155 वर्षों से चली आ रही श्री रामलीला एवं मेला की परंपरा को जीवित रखने के लिए मेला परिसर का सुंदरीकरण कार्यक्रम प्रारंभ कराया गया कस्बे की श्री रामलीला एवं मेला परिसर के सुंदरीकरण का शिलान्यास करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ने भूमि पूजन करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान की मंच के माध्यम से संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि यह अमौली कस्बे की एक अमूल्य धरोहर है जहां वर्तमान सरकार प्राचीन संस्कृति एवं विरासत को जीवंत बनाए रखने के लिए सदैव प्रयासरत है इसी मुद्दे को लेकर कस्बे की श्री रामलीला एवं मेला मैदान परिसर के सुंदरीकरण के लिए सरकार द्वारा 242.55 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत कराई गई थी जिसको जमीनी स्तर पर कार्य के रूप में प्रारंभ कराया गया कार्यक्रम में मौजूद सभी ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक का आभार व्यक्त किया वहीं क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि यह कार्य कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल परियोजना के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाएगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्था के परियोजना प्रबंधक आशुतोष उपाध्याय को सौंपी गई वहीं जिम्मेदारी लेते हुए संस्था के प्रबंधक ने उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष अवधेश तिवारी हरि नारायण त्रिवेदी सुरेंद्र तिवारी रामसेवक त्रिवेदी ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता तथा क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे

नवयुवकों ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता निभाते हुए मारी बाजी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर/ जनपद के जयरामपुर में स्थापित चौधरी शिवसहाय सिंह इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत 19 वर्ष से कम आयु वाले छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जहां सीनियर बालक वर्ग में मेजबान टीम जयरामपुर ने सर्वोदय इंटर कॉलेज किशनपुर को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं जूनियर बालक वर्ग किशनपुर की टीम ने जयरामपुर को पराजित करते हुए विजय हासिल की थी किसी प्रकार सीनियर बालिका वर्ग में जयरामपुर को हराते हुए किशनपुर ने विजय हासिल किया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया वहीं समूची प्रतियोगिता के निर्णय देने के लिए सक्षम अधिकारी के रूप में सुनील कुमार तथा जय सिंह ने अहम भूमिका निभाई विजय हासिल करने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने हार्दिक शुभकामनाएं दी

युवती के साथ बैठने पर छात्र को पीटा

सिर में गंभीर चोट आई, आरोपियों ने गेट तक पीछा कर बेल्ट से मारा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,विश्वविद्यालय परिसर की कैंटीन में शाम एक छात्र के साथ मारपीट हुई। आरोप है कि युवती के साथ बैठे छात्र निखिल कुमार को तीन युवकों ने पहले कैंटीन में घेरा और गाली-गलौज करते हुए पीटा। जब छात्र वहां से भागा, तो आरोपियों ने उसका पीछा किया। विश्वविद्यालय के गेट के पास उसे दोबारा घेरकर बेल्ट और पंच से हमला किया गया। इस हमले में छात्र के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और सिर में टांके लगाए गए। पीड़ित छात्र की पहचान बीए के छात्र निखिल कुमार के रूप में हुई है, जो सहापुर डिग्गी का रहने वाला है। निखिल ने बताया कि दोपहर वह विश्वविद्यालय की कैंटीन में एक युवती के साथ बैठा था। तभी युवराज, दानियाल और अयान नाम के तीन युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने युवती के साथ बैठने को लेकर निखिल से विवाद शुरू कर दिया। जब निखिल ने विरोध किया, तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की। निखिल के अनुसार, वह खुद को बचाने के लिए कैंटीन से बाहर भागा, लेकिन आरोपी युवक उसका पीछा करते हुए विश्वविद्यालय के गेट तक पहुंच गए। वहां तीनों ने उसे दोबारा घेर लिया और बेल्ट व पंच से हमला किया। पंच लगने से निखिल के सिर में गहरी चोट आई और खून बहने लगा। उसके दोस्तों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान सिर में टांके लगाए गए। पीड़ित छात्र ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि थाने में इस मामले की कोई सूचना नहीं मिली है और न ही पीड़ित की ओर से कोई शिकायत दी गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

ग्रहकलह के कारण पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन में मृतका के शव को भेजा पोस्टमार्टम हाउस

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के मुजरे एरहियापुर निवासिनी 22 वर्षीय महिला मनीषा पत्नी नेमचंद्र निषाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों ने जैसे ही देखा कि कमरे के अंदर फंदे में पुत्रवधू झूल रही है तो शोर मचाया और आनन फानन पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी मनीष सिंह ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतार पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा मिली जानकारी के अनुसार मृतका असोथर थाना क्षेत्र के जरौली गांव की निवासिनी थी जहां लगभग 5 महीने पहले नेमचंद्र निषाद के साथ महिला का विवाह संपन्न हुआ था पति परदेश में रहता था वही पत्नी भी परदेश जाने के लिए जिद करती रही जहां पति के मना करने के बाद पत्नी ने यह कड़ा कदम उठाया सूचना मिलने पर मृतका के पिता लोटन निषाद भी मौके पर पहुंचे वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

स्विगी पर फर्जी रेस्टोरेंट से 30 लाख की ठगी

पुलिस ने बीकॉम पास युवक को किया गिरफ्तार, 4 मोबाइल और लैपटॉप बरामद

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,साइबर क्राइम पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उस पर स्विगी प्लेटफॉर्म पर फर्जी रेस्टोरेंट बनाकर क्रेडिट कार्ड धारकों से करीब 30 लाख रुपये की साइबर ठगी करने का आरोप है। आरोपी फर्जी रेस्टोरेंट के जरिए स्विगी पर ऑर्डर दिखाता था और क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर रकम अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लेता था। पुलिस ने उसके पास से चार मोबाइल फोन, एक टैबलेट और एक लैपटॉप भी बरामद किया है। एसीपी साइबर क्राइम अमित सक्सेना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान गर्वित के रूप में हुई है। वह रोहतक, हरियाणा का रहने वाला है और फिलहाल वैशाली, गाजियाबाद में रह रहा था। पुलिस की पूछताछ में गर्वित ने बताया कि वह पहले टेक महिंद्रा में कस्टमर केयर की नौकरी करता था। यूट्यूब पर वीडियो देखकर उसे ऑनलाइन ठगी का तरीका पता चला। इसके बाद उसने दो फर्जी रेस्टोरेंट बनाए और एफएसएसएआई से उनका रजिस्ट्रेशन भी कराया आरोपी को यूट्यूब के जरिए 'फास्ट ओटीपी बॉट' नाम के टेलीग्राम चैनल के बारे में पता चला। इस चैनल से उसे क्रेडिट कार्ड धारकों का डेटा मिला। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को करीब 52 एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड धारकों की जानकारी मिली थी। इसके बाद वह खुद को बैंक का ग्राहक सेवा अधिकारी बताकर कार्ड धारकों से संपर्क करता था। वह सर्विस चार्ज या लेट पेमेंट हटाने के नाम पर उनसे कार्ड से जुड़ी जानकारी ले लेता था। इसके बाद आरोपी अपने फर्जी रेस्टोरेंट के नाम से स्विगी पर ऑर्डर जनरेट करता था।

वह फर्जी डिलीवरी दिखाकर भुगतान की रकम अपने बैंक खाते में मंगा लेता था। शिकायत मिलने के बाद स्विगी ने उसके एक फर्जी रेस्टोरेंट को बंद कर दिया था। इसके बाद आरोपी ने दूसरे नाम से नया फर्जी रेस्टोरेंट बनाकर दोबारा ठगी शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, 17 सितंबर को भी आरोपी ने 'फास्ट ओटीपी बॉट' टेलीग्राम चैनल से मिले एक क्रेडिट कार्ड से करीब 38 हजार रुपये का स्विगी ऑर्डर जनरेट कर साइबर ठगी की थी। इस मामले में टेलीग्राम चैनल से मिले डेटा, क्रेडिट कार्ड से जुड़ी जानकारी, फर्जी रेस्टोरेंट के एफएसएसएआई दस्तावेज और ठगी में इस्तेमाल मोबाइल नंबरों की जांच की जा रही है।

महिला ने जोहड़ की जमीन पर प्लाटिंग का आरोप लगाया

तहसील दिवस में 82 शिकायतें आईं, 6 का मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मवान तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम संतोष कुमार सिंह और तहसीलदार निरंकार सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। तहसील दिवस में बिजली, भूमि विवाद, कब्जे और राजस्व से जुड़ी कुल 82 शिकायतें मिलीं। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बाकी शिकायतों पर संबंधित विभागों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ।इसी दौरान मवाना की फलावड़ा रोड निवासी शिल्पी पत्नी सुरेंद्र ने अपनी जमीन से जुड़ी शिकायत एसडीएम को दी। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उनका आवासीय प्लॉट और उसके पास स्थित सरकारी जोहड़ की जमीन से जुड़ा एक मामला है। शिल्पी का आरोप है कि उनके आवासीय प्लॉट के बगल में स्थित सरकारी जोहड़ की खुदाई की गई थी। इस खुदाई के दौरान उनके प्लॉट का कुछ हिस्सा भी जोहड़ में मिला लिया गया। उन्होंने मांग की है कि राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर उनकी जमीन की पैमाइश कराई जाए और मौके पर निशानदेही करके सही सीमा तय की जाए ।शिकायतकर्ता के अनुसार राजस्व अभिलेख और मौके की स्थिति का मिलान होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी जोहड़ और निजी भूमि की वास्तविक सीमा कहां तक है ।सरकारी जोहड़ की जमीन पर प्लाटिंग का भी आरोप शिल्पी ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि सरकारी जोहड़ की भूमि के कुछ हिस्से में प्लाटिंग की जा रही है। उसने प्रशासन से सरकारी भूमि का मौके पर सत्यापन कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि यदि जांच में सरकारी भूमि पर कब्जा या नियम विरुद्ध प्लाटिंग की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए ।खसरा संख्या 3440 की पैमाइश की मांग शिकायतकर्ता ने सरकारी जोहड़ की खसरा संख्या 3440 समेत संबंधित भूमि की पैमाइश और निशानदेही कराने की मांग की। उसका कहना है कि राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूमि की सीमाएं स्पष्ट कर मौके की स्थिति से मिलान कराया जाए, जिससे विवाद की वास्तविक स्थिति सामने आ सके ।पहले भी शिकायत देने का दावा शिल्पी ने प्रार्थना पत्र में यह भी बताया कि भूमि से संबंधित मामले को लेकर पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं। उसका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते उसने तहसील दिवस में दोबारा अधिकारियों के समक्ष मामला रखते हुए राजस्व विभाग से मौके पर जांच और पैमाइश कराने की मांग की ।एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश शिकायत सुनने के बाद एसडीएम संतोष कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अब राजस्व विभाग की जांच और मौके पर होने वाली पैमाइश के बाद ही जोहड़ तथा निजी भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

तहसील दिवस में अधिकारियों ने सभी फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध और नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। बिजली, कब्जे, भूमि विवाद और अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों पर भी संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

बुजुर्ग के खाते से 4.66 लाख रुपये निकाले

किसी को नहीं बताया ओटीपी और न ही दिया एक्सिस, अब जांच कर रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर 74 में रहने वाले बुजुर्ग के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने रकम निकाल ली। त्रिभुवन सिंह ने साइबर क्राइम थाने की पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच से छह सितंबर के बीच उनके खाते से कुल 4 लाख 66 हजार रुपये की अनधिकृत लेनदेन के जरिए निकासी हुई। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने न तो किसी व्यक्ति को ओटीपी बताया और न ही अपने बैंक खाते का एक्सेस किसी को दिया था। इसके बाद भी पैसा ट्रांसफर हो गया। नेशनल साइबर पोर्टल पर की शिकायतखाते से रकम निकलने की जानकारी होने पर उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद उन्होंने सात सितंबर को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। वहां से मामला साइबर क्राइम थाने पहुंचा। शिकायत की जांच आईटी सेल, नोएडा को सौंपी गई है। लेनदेन का विवरण देख रही पुलिस पुलिस लेनदेन का विवरण खंगालकर रकम के गंतव्य और ठगी में शामिल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। ठगी कैसे हुई,इसका पता अभी तक नहीं चल सका है। मोबाइल हैक कर खाते से रकम ट्रांसफर करने की आशंका जाहिर की जा रही है।

बेकाबू कार डिवाइडर से टकराकर नाले में पलटी

चालक समेत 2 घायल, 50 मीटर दूर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गई। कार में चालक समेत दो लोग सवार थे। दोनों को चोटें आई हैं और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के करीब 50 मीटर आगे पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति का शव भी मिला। शव पर शुरूआती जांच में चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं कार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत तो नहीं हुई। फिलहाल हिट एंड रन समेत अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। डिवाइडर से टकराई कार, नाले में जा गिरीपुलिस के मुताबिक, शनिवार को सिटी सेंटर अंडरपास के पास तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार डिवाइडर से टकराई और सड़क किनारे मौजूद नाले में पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से कार को नाले से बाहर निकलवाकर सड़क किनारे कराया गया। कार में सवार दोनों लोग घायल हादसे में कार चालक समेत दो लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी हालत के संबंध में फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। 50 मीटर दूर मिला शव, टक्कर की आशंका की भी जांच पुलिस को हादसे वाली जगह से करीब 50 मीटर आगे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शुरूआती जांच में शव पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि पुलिस इस संभावना से भी इनकार नहीं कर रही कि व्यक्ति किसी वाहन की चपेट में आया हो।

22 बाइक 31 फोन के साथ चार गिरफ्तार

दो नाबालिग भी पकड़े गए, बिहार तक फैला था नेटवर्क, चोरी की बाइक से करते स्नेचिंग

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर-24 पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में दोपहिया वाहन चोरी और मोबाइल स्नैचिंग करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया गया है। इनके कब्जे और निशानदेही से 22 चोरी के दोपहिया वाहन, स्नैचिंग के 31 मोबाइल फोन, 2500 रुपये और तीन अवैध चाकू बरामद हुए हैं। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी पहले मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी करते थे और फिर उन्हीं चोरी के वाहनों से मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे। वारदात के बाद पहचान से बचने के लिए चोरी के वाहनों को जंगल, झाड़ियों और सुनसान जगहों पर छिपा देते थे। इसके बाद दूसरे चोरी के वाहन का इस्तेमाल कर अगली वारदात करते थे। बिहार में मोबाइल खपाने का नेटवर्कएडीसीपी ने बताया कि विश्वा महतो उर्फ राजा मोबाइल खपाने वाले डीलर की भूमिका में था। वह स्नैच किए गए मोबाइल फोन को बिहार ले जाता था और वहां अच्छे दाम में बेचता था। वहीं कुछ मोबाइल फोन आरोपी राहगीरों को ही कम कीमत में बेच देते थे।

मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।

विंध्य ज्योति

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर
112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

गरौठा से सात भाजपा कार्यकर्ता पैदल लखनऊ रवाना, 27 सितंबर को सीएम से करेंगे मुलाकात

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा। रविवार को गरौठा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के सात कार्यकर्ता पैदल यात्रा करते हुए लखनऊ के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ता करीब सात दिन की पदयात्रा के बाद लखनऊ पहुंचेंगे, जहां 27 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। पदयात्रा पर रवाना हुए कार्यकर्ताओं में दयाशंकर रिछारिया, सुनील तिवारी, परमानंद अहिरवार, प्रवीण खटीक, सौरभ राजपूत, पुष्पेंद्र कुमार और पंकज कुमार शामिल हैं। कार्यकर्ताओं के अनुसार मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए आभार व्यक्त करने के साथ ही गरौठा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखकर समाधान की मांग की जाएगी इस सम्बन्ध में राज्यपाल के नाम एक मांग पत्र भी तैयार किया गया है। रवानगी के अवसर पर गरौठा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन पाठक ने सभी कार्यकर्ताओं को फूल-माला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर रवाना किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मंगलमय यात्रा की कामना की। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बुंदेला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पार्थ के गांडीव की टंकार है कविता: प्रद्युम्न त्रिपाठी

-कवि सम्मेलन में कवियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि देकर किया गया सम्मानित।

-गणेश पूजनोत्सव समिति शाहगंज ने किया था आयोजन।

विंध्य ज्योति

सोनभद्र। गणेश पूजनोत्सव समिति शाहगंज सोनभद्र के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन गुरूवार रात में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डा, लोकपति सिंह पटेल रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि दिवाकर दिवेदी मेघ ने किया। वहीं सफल ओजस्वी संचालन, प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी एड, निदेशक शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी ने किया। कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान के वाणी वंदना व जय हिंद वंदेमातरम का जो करते सम्मान नही, वे भारत माता के दुश्मन उनका हिंदुस्तान नहीं से कार्यक्रम का आगाज रोमांचक रहा। दयानंद दयालू ने, फाइव जी मोबाइल लिया दा पिया, धर्मेश चौहान ने, देश गीत, अशोक तिवारी ने, रब से बेगाने मजहब के दीवाने निकले तो वहीं प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी एड ने, पार्थ के गांडीव की टंकार है कविता, समरसता सदभाव प्यार है कविता सुनाकर पूरी महफि ल लूट लिया। हास्य व्यंग्य के कवि सुनिल चऊचक संयोजक ने जेबा कटि गैल थाने में का कंडा कुबरी लाठी से तो दिलीप सिंह दीपक ने, तुम सबकुछ बेच दो लेकिन हिंदुस्तान मत बेचो सुनाकर व्यवस्था पर करारा प्रहार किया सराहे गए। शाइर विवेक चतुवेर्दी ने, तुम मुझको नजर अंदाज कर नहीं सकते सुनाकर कता नज्म गजल से चार चांद लगाये। ओज के कवि प्रभात सिंह चंदेल ने, तुम मेरे मस्तक पर हिंदुस्तान लिख देना सुनाकर देर तक वंदेमातरम का नारा लगवाते रहे। सुशील मिश्रा सोन संगीत फाउंडेशन ने भगवान शंकर व गणेश की सस्वर वंदना से पूरा वातावरण भक्ति मय बना दिया।मुख्य अतिथि डा, लोकपति सिंह पटेल ने, जनहित सदभाव प्यार आम आदमी की पीर के लिए कटिबद्ध रहने की नसीहत दिये तो, वहीं अध्यक्षता करते हुये कवि दिवाकर दिवेदी मेघ ने आदमी को आदमीयत की तमीज का रेखांकन कर हास्य रचना, बरवा कटा के कट कौवा, बीए, पढै लागल बा बेटौवा से आयोजन को पूर्णता दिये लोग देर तक हंसते रहे। सभी कवियों को अंगवस्त्र माल्यार्पण, लेखनी, पुस्तिका स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आलोक पटवा आयोजक, रिंकू श्रीवास्तव, शीतला प्रसाद वर्मा, विमर्श सिंह पटेल, धर्मेन्द्र सोनी, ओम प्रकाश सोनी, अनिल पांडेय, अनमोल, समर आदि सैकड़ों श्रोता भोर तक जमे रहे।

खास समाचार

निमार्णाधीन स्कूल भवन की गुणवत्ता जांचने हथौड़ा लेकर पहुंचे डीएम, कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। तहसील गरौठा के बामौर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम डुमरई में निमार्णाधीन राजकीय हाईस्कूल भवन का जिलाधिकारी झांसी गौरांग राठी ने औचक निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखने के लिए डीएम ने स्वयं हथौड़ा मारकर दीवारों की मजबूती जांची। जानकारी के अनुसार संबंधित ठेकेदार द्वारा निमार्णाधीन राजकीय हाईस्कूल भवन में गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री का उपयोग होने और मानकविहीन कार्य कराए जाने की शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री, दीवार, बीम, कास्टिंग सहित अन्य कार्यों की गुणवत्ता में कमियां मिलने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी भवनों के निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही डीएम ने विद्यालय भवन एवं परिसर की सुरक्षा के लिए ग्राम निधि से तार फेंसिंग कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान के तीसरे दिन धनबाद मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर गहन सफाई अभियान चलाया गया

अमन लेखनी समाचार

धनबाद। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीसरे दिन के अवसर पर धनबाद मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर गहन सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना और स्टेशनों को प्लास्टिक व कचरा मुक्त बनाना है। अभियान के दौरान धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टेनगंज, सिंगरौली सहित मंडल के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। रेल कर्मचारियों, सफाई कर्मियों द्वारा मिलकर स्टेशन परिसरों, पटरियों, प्लेटफार्मों और यात्री प्रतीक्षालयों की गहराई से सफाई की। कचरा निपटान के लिए सफाई अभियान के साथ-साथ यात्रियों के बीच एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों को कचरे के सही निपटान के प्रति जागरूक किया। उन्हें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने, एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का बहिष्कार करने और चलती ट्रेनों से पटरियों पर कचरा न फेंकने की अपील की गई।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना बरगदवा पुलिस द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अमहवा में बालिकाओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज, जनपद में प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज 5.0) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में थाना बरगदवा की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अमहवा में आयोजित इस कार्यक्रम में उप-निरीक्षक प्रिया गौतम एवं आरक्षी अभिराम सिंह की टीम द्वारा बालिकाओं व छात्राओं को विभिन्न अपराधों, सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

भाजपा सरकार ने नौनिहालों का भविष्य और किसानों की खुशहाली को छीना -सांसद अजेंद्र सिंह लोधी

सिमरधा मेला ग्राउंड में पीडीए जन चौपाल का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। सिमरधा मेला ग्राउंड में आयोजित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जन चौपाल में जनसैलाब उमड़ पड़ा। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने सीधे जनता से संवाद किया। उन्होंने प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज हर वर्ग त्रस्त है।युवाओं और नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़: सांसद अजेंद्र सिंह सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने कहा, ₹प्रदेश सरकार ने 28,000 प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज (बंद) कर गरीब बच्चों और नौनिहालों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। वहीं दूसरी ओर, शांति और एकता की मिसाल कायम रखने वाले ग्रामीण अंचलों में दो लाख नए सरकारी शराब के ठेके खोलकर युवाओं की जिंदगी बर्बाद की जा रही है ₹ उन्होंने आरोप लगाया कि चंद पूंजीपतियों के इशारे पर चलने वाली यह सरकार किसान, मजदूर, पिछड़े और दलितों की सबसे बड़ी विरोधी है।

2027 में 'बंटेंगे तो कटेंगे' की राजनीति का होगा सफाया: राजीव अहिरवार

चौपाल की अध्यक्षता कर रहे जालौन-गरौठा सांसद प्रतिनिधि राजीव अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि जो लोग हिंदू-मुस्लिम मंदिर-मस्जिद के नाम पर फूट डालकर राज करना चाहते हैं, उनका 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण सफाया होना तय है।उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा, ₹ये लोग 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा देकर कभी धर्म तो कभी जाति के नाम पर समाज को बांटते हैं। लेकिन अब पीडीए परिवार पूरी तरह जागरूक है; वह न अब बंटेगा और न ही कटेगा।₹राजीव अहिरवार ने स्थानीय मुद्दों को उठाते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली सरकार ने समाजवादी पार्टी सरकार द्वारा शुरू की गई एरच बहुउद्देशीय बांध परियोजना को सिर्फ जांच के नाम पर लटका रखा है, जिससे हजारों किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, राजकीय इंटर कॉलेज खड़ौरा में शिक्षकों की तैनाती न करके हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि जो जवाब पीडीए ने 2024 के लोकसभा चुनाव में दिया था, वही एकजुटता 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी।

समाजवादी पार्टी की नीतियां और विचारधारा जन-जन का भरोसा

चौपाल के दौरान वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी (सपा) की जनहितैषी नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि सपा हमेशा से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। समाजवादी पार्टी की प्रमुख नीतियां और विजन निम्न प्रकार हैं:सच्ची किसान हितैषी नीतियां: सपा का मानना है कि देश की तरक्की का रास्ता खेतों से होकर गुजरता है। पार्टी हमेशा किसानों को मुफ्त सिंचाई, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसी नीतियों का समर्थन करती रही है। एरच बांध जैसी रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करना सपा की प्राथमिकता है।शिक्षा और युवाओं को रोजगार: प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करना और युवाओं को रोजगार के नए अवसर देना सपा का मुख्य संकल्प है। लैपटॉप वितरण, कन्या विद्या धन और सरकारी शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की पारदर्शी भर्ती जैसी नीतियों के माध्यम से सपा ने हमेशा युवाओं को सशक्त किया है।पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) और सामाजिक न्याय: समाजवादी पार्टी 'जातीय जनगणना' कराने की पक्षधर है ताकि हर वर्ग को उसकी आबादी के हिसाब से हक और सम्मान मिल सके। सामाजिक समरसता और भाईचारा बनाए रखना सपा की मूल विचारधारा है।स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास: एक्सप्रेसवे, मेट्रो और '108/102 एम्बुलेंस सेवा' जैसी ऐतिहासिक स्वास्थ्य एवं बुनियादी ढांचागत योजनाएं समाजवादी विजन का उदाहरण हैं, जिन्हें भविष्य में और विस्तार दिया जाएगा।चौपाल में प्रमुख नेताओं की गरिमामयी उपस्थितिइस विशाल जन चौपाल को सपा जिलाध्यक्ष बृजेंद्र भोजला, जिला महासचिव राधेलाल बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष हेमंत अहिरवार, मुकेश यादव कुठौंदा, और राजकुमार राजपूत ने भी संबोधित किया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा।कार्यक्रम के सफल समापन पर आयोजक कंचन राजपूत ने आए हुए सभी अतिथियों और सम्मानित क्षेत्रीय जनता का सहृदय आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुरेश तिवारी, शाहरुख सिमरधा और सूर्यप्रताप यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ग्राम व क्षेत्र के हजारों की संख्या में किसान, युवा और बुजुर्ग उपस्थित रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना दुद्धी का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा एवं दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

विंध्य ज्योति

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना दुद्धी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी प्रभारी निरीक्षक दुद्धी विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित थाना दुद्धी के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा सर्वप्रथम थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। थाना कार्यालय में रखे जाने वाले महत्वपूर्ण अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए उनके अद्यावधिक रख-रखाव एवं समयबद्ध प्रविष्टियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, मेस एवं थाना परिसर में स्थित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया गया। मालखाने में रखे माल-मुकदमाती एवं अन्य संपत्तियों के रख-रखाव तथा संबंधित अभिलेखों में उनका सही अंकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शस्त्रागार के निरीक्षण के दौरान शस्त्रों एवं कारतूसों की सुरक्षा, रख-रखाव एवं अभिलेखों के समुचित संधारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कैमरों की कार्यशीलता एवं रिकॉर्डिंग व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। थाना आने वाले फरियादियों की सुविधा के दृष्टिगत आगंतुक रजिस्टर, जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनते हुए नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। महिला हेल्प डेस्क एवं महिला संबंधी शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया तथा महिला शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा आमजन के साथ मधुर एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना दुद्धी की सुरक्षा, साफ-सफाई, अभिलेखीय व्यवस्था, जनसुनवाई, अपराध नियंत्रण एवं पुलिसिंग से संबंधित व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं का आयोजन

विंध्य ज्योति

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं शिक्षा विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के कानूनी साक्षरता मिशन के अंतर्गत शनिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-13, कुरुक्षेत्र में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती निकिता भारद्वाज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। के.के. कौशिक अधिवक्ता तथा कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कमल बत्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन नारा लेखन भाषण प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ, मौके पर चित्रकला, प्रस्तुतीकरण तथा सामाजिक मुद्दों पर वृत्तचित्र फिल्म सहित कुल दस विधाओं को शामिल किया गया। प्रतियोगिताएं मानव अधिकार, मौलिक कर्तव्य, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज निषेध, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, रैगिंग, सड़क सुरक्षा और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार सहित 18 विषयों पर आधारित थीं। मिशन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को कानून, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए क्रमशः 2100, 1500 और 1100 रुपये की नकद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई थी। मुख्य अतिथि श्रीमती निकिता भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। आज के विद्यार्थी ही कल देश के कर्णधार बनेंगे। कानूनी साक्षरता विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार आता है नोडल अधिकारी श्रीमती कमल बत्रा ने बताया कि प्रतियोगिताएं विद्यालय, खंड, जिला, मंडल और राज्य स्तर पर आयोजित की गई थीं। विद्यालय स्तर पर प्रत्येक विधा के विजेता खंड स्तर पर पहुंचे, जबकि खंड, जिला और मंडल स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अगले स्तर के लिए चयनित किया गया।उन्होंने बताया कि कक्षा नौवीं से नीचे के विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति नहीं थी। साथ ही, किसी भी विद्यार्थी को एक स्तर पर एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई। सभी विद्यालयों में कानूनी साक्षरता क्लब स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इन क्लबों में प्रत्येक माह कम से कम एक गतिविधि या व्याख्यान आयोजित किया जाना निर्धारित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अधिवक्ताओं को संसाधन व्यक्तियों के रूप में बुलाने की व्यवस्था भी की गई है। यह कार्यक्रम पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। शिक्षा निदेशालय की ओर से डॉ. राजीव वत्स, सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा ने विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

गणेश महोत्सव में नगर के मंदिरों सहित पांडालों में गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय (झांसी)। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सजे पंडालों में गणपति बप्पा के जयकारे गूंज रहे हैं। नगर के विभिन्न वार्डों कुष्टा माता मंदिर, पटकाना, गुराई बाजार, गांधीनगर, कटरा बाजार, नई बस्ती सहित अन्य वार्डों में तथा घरों में प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की मनमोहक मूर्तियों की आरती एवं गणेश पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम मे गजानन कमेटी परकोटा मुहल्ला मे विधिवत पूजन-अर्चन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य आचार्य पं श्रीधर पस्तोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश बरसैया, सार्थक नायक रहे। इस अवसर पर प्रभात माथुर, कन्हैया माथुर, रिंकू शुक्ला, अभय माथुर, पवन शुक्ला, ध्रुव माथुर, सौरभ शुक्ला, मनीष सेन, मोनू पटेल, जय वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर बप्पा की आरती की।इसके उपरांत भगवान गणेश को मोदक और लड्डुओं का भोग लगाकर महाआरती का आयोजन हुआ। गणेश आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्थानीय बच्चों की ओर से मनमोहक प्रस्तुति से पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। बच्चों ने भी रंग बिरंगी पोशाक पहनकर गणपति बप्पा से आशीर्वाद लिया। इस दौरान भगवान गजानन के दर्शन और आरती में सहभागिता के लिए श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। वही गाँधीनगर में विराजमान विघ्नहर्ता गजानन महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य पुजारी पं अभिनव शास्त्री महाराज आचार्य द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में गणपति बप्पा की आरती में श्रद्धालु सम्मलित हुए। गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरिया के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया है।वही बाजार के शंकर जी के मन्दिर पर विराजमान विघ्नहर्ता गजानन महाराज जी की आरती रामकृष्ण नायक आमली, शिवांग नायक, सुमित यादव, पवन अग्रवाल छोटू, अमन सक्सेना ने की। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाया।

जयकारों के साथ संपन्न हुआ भव्य श्री सुंदरकांड पाठ, भक्ति रस में डूबे

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय (झाँसी)। नगर के पंडित रामेश्वर पाठक रामायणी के आवास पर श्री हरिसेवक सुंदरकांड मंडली द्वारा संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत श्री सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शुरूआत भगवान श्रीहनुमान जी की प्रतिमा पर तिलक व माल्यार्पण के साथ हुई। रामेश्वर पाठक के बड़े पुत्र नीरज पाठक ने विधिवत पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।मानस मंडली द्वारा संगीतमय श्रीसुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए। संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद का वितरण किया गया।मानस मंडली मे सौरभ द्विवेदी, दिनेश अलबेला, रानू तिवारी, प्रमोद गोस्वामी, मनमोहन का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रोताओं का आभार कृष्णकांत उर्फ डब्बू पाठक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिलेश पिपरैया, ओमप्रकाश शर्मा, रमेश मौर्य, कृष्णकुमार तिवारी, शिवकुमार तिवारी, ठाकुरदास तिवारी, पंकज कुशवाहा, जितेंद्र पटेल, लक्ष्मी नारायण घोष, रामकुमार परिहार, धर्मेंद्र पांचाल, विवेक लक्षकार, विनय पटेल, राकेश त्रिपाठी, बंटी विदुआ, सचिन जैन, सोनू पटेल सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



'दुपहिया सीजन-2' का प्रीमियर एक अक्टूबर को

मुंबई। प्राइम वीडियो की हिंदी ओरिजिनल सीरीज दुपहिया के दूसरे सीजन का प्रीमियर एक अक्टूबर को होगा। धडक़पुर की पृष्ठभूमि पर आधारित कॉमेडी-ड्रामा सीरीज के नए सीजन में गांव के लोगों के सामने नई चुनौतियां और परेशानियां आएंगी। दुपहिया के दूसरे सीजन का निर्देशन सोनम नायर ने किया है। सलोना बैन्स जोशी और शुभ शिवदासानी ने बॉम्बे फिल्म कार्टेल एलएलपी के बैनर तले इसका निर्माण किया है। अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग इसके लेखक और रचनाकार हैं। सीरीज में गजराज राव, रेणुका शहाणे, स्पर्श श्रीवास्तव, भुवन अरोड़ा, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

लाइफ Style

वहीदा

महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई का निभाएंगी किरदार

दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान फिल्मकार अनुभव सिन्हा और सुधीर मिश्रा की आगामी फिल्म में महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई की भूमिका निभाएंगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी महात्मा गांधी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सौरभ शुक्ला भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म महात्मा गांधी के जीवन के कम चर्चित 21 दिनों की कहानी पर आधारित है। सुधीर मिश्रा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण अनुभव सिन्हा और नरेंद्र हिरावत ए बनारस मीडियावर्क्स के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म को एनएच स्टूडियोज प्रस्तुत कर रहा है। वहीदा रहमान की मौजूदगी से फिल्म में भावनात्मक गहराई जुडऩे की उम्मीद है।

वहीदा रहमान का जुड़ना सम्मान की बात : सुधीर

सुधीर मिश्रा ने कहा कि वहीदा रहमान का इस परियोजना का हिस्सा बनना उनके लिए बेहद खास और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि प्यासा, साहिब बीबी और गुलाम, कागज के फूल और गाइड जैसी फिल्मों से उनका गहरा जुड़ाव रहा है और उन्हें यकीन नहीं होता कि ऐसी ऐतिहासिक फिल्मों की अभिनेत्री अब उनके निर्देशन वाली फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। अनुभव सिन्हा ने कहा कि वहीदा रहमान के साथ फिल्म और खास तौर पर इस परियोजना पर चर्चा करना उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने खुशी जताई कि सुधीर मिश्रा और फिल्म की पटकथा वहीदा रहमान को फिर से सेट पर लाने में सफल रहे।

हॉलीवुड मसाला

विवादों में हॉलीवुड अभिनेत्री स्वीनी

नई दिल्ली। वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड जैसी कई शानदार मूवीज के जरिए फैंस का दिल जीतने वाली हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार सिडनी स्वीनी को भला कौन नहीं जानता। मौजूदा समय में अपनी फिल्मों के अलावा एक विवादित टीवी ऐड को लेकर सिडनी का नाम सुर्खियां बटोर रहा है। जिसमें हॉलीवुड अदाकारा ने बेशर्मी की सारे हदों का पार कर दिया है। स्पोर्ट्स गैंबलिंग कंपनी के लिए किए गए इस विज्ञापन में सिडनी का न्यूड अंदाज देख खेल जगत में हडकंप मच गया है और अभिनेत्री को आलोचनाओं को सामना करना पड़ा रहा है।

अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन दूसरी बार बनीं मां

लॉस एंजिलस। नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स' में 'इलेवन' की भूमिका निभाने वाली हॉलीवुड अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन 22 साल की उम्र में दूसरी बार मां बन गई हैं। उन्होंने अपने पति जेक बोंगियोवी के साथ मिलकर एक बेटे का स्वागत किया है। इसका ऐलान उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर किया। साथ में बच्चे की पहली झलक भी दिखाई। मिली और जेक ने इंस्टाग्राम पर अपनी संयुक्त पोस्ट में बेटे के आगमन का ऐलान किया है। उन्होंने बच्चे की एक झलक साझा की है, जिसमें उसका नन्हा हाथ अपने पिता जेक की उंगली में लिपटा हुआ है। वहीं, मिली ने अपना हाथ दोनों हाथों पर रखा हुआ है। तस्वीर में वह अपनी 'मॉम' रिंग भी दिखा रही हैं।

'तुम मेरे हो' में एक साथ आएंगे नजर...

मुंबई। गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय पहली बार फिल्म तुम मेरे हो में साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा निर्देशित यह फिल्म प्रेम, एक्शन और रोमांच से भरपूर होगी। फिल्म 23 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म ईशा मालवीय की बॉलीवुड में पहली फिल्म है। निर्देशक आशीष पांडा ने कहा कि फिल्म में प्यार के साथ उन भावनाओं और चुनौतियों को भी दिखाया गया है, जो रिश्ते की परीक्षा लेती हैं। रेवा क्रिएटिव हाउस और डेबगुरु फिल्म्स निर्मित इस फिल्म की निर्माता आरती एस और डेबिना बनर्जी हैं। फिल्म की कहानी और पटकथा निरंजन अयंगर तथा पूर्वा नरेश ने लिखी है। संगीत सारेगामा के सहयोग से तैयार किया गया है, जबकि वितरण पीवीआर पिक्चर्स करेगा। फिल्म के निर्माताओं ने इसके पहले पोस्टर जारी किए हैं।

'लव रंजन' में छह नए चेहरों की दस्तक

मुंबई। निर्माता लव रंजन की फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। अनुज सैनी के निर्देशन में बनी यह फ्रेंडशिप-कॉमेडी फिल्म 23 अक्टूबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के जरिए अलीशा चोपड़ा, स्पर्श वालिया, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद्य, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर हिंदी सिनेमा में अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर रहे हैं। जारी पोस्टर में सभी छह कलाकार एक साथ नजर आ रहे हैं। लव फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्माण लव रंजन और अंकुर गर्ग ने किया है। लव रंजन ने कहा कि नए कलाकारों को पेश करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि छह नए चेहरों के लिए एक दुनिया तैयार करना और उन्हें उसमें अपनी लय तलाशते देखना उनके लिए सुखद अनुभव रहा।

टीवी मसाला



'बिग बॉस : रोहेद खान बने शो से बेघर होने वाले पहले प्रतियोगी

मुंबई। 'बिग बॉस 20' के हालिया एपिसोड में इस सीजन का पहला एविक्शन देखने को मिला। रोहेद खान शो से बेघर होने वाले पहले प्रतियोगी बन गए हैं। हालांकि, अचानक हुए इस फैसले से फैंस बेहद नाराज हैं। 'एक्स्ट्रा जीवदान' नियम के तहत रोहेद को बिना किसी मजबूत वजह के बेघर किए जाने पर दर्शकों का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूट पड़ा है। प्रशंसकों का आरोप है कि निर्माता अपनी सहूलियत के हिसाब से नियम बदलकर पक्षपात कर रहे हैं।

'वीकेंड का वार' में हुआ सीजन का पहला एविक्शन : 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' के साथ ही सीजन के पहले एविक्शन की खबर आ गई है। दूसरे हफ्ते में रोहेद खान शो से बेघर हो गए हैं। उनके साथ आसिफ खान और तन्मय सिंह भी सीधेतौर पर बेघर होने के लिए नामांकित थे। दरअसल, इन तीनों को घर के नियमों का उल्लंघन करते हुए नामांकन पर चर्चा करने के कारण सजा के तौर पर सीधे नॉमिनेट किया गया था, जिसके बाद रोहेद का सफर खत्म हो गया।

'एक्स्ट्रा जीवदान' नियम पर भड़के दर्शक : शो में 'एक्स्ट्रा जीवदान' नियम को लेकर फैंस निर्माता पर भड़क गए हैं। पहले हफ्ते में कम वोट मिलने के बावजूद उदिति सिंह को 'जीवदान' देकर बचा लिया गया था, लेकिन दूसरे हफ्ते में रोहेद के लिए इसका इस्तेमाल नहीं हुआ। निर्माताओं के इस दोहरे रवैये से दर्शक बेहद नाराज हैं। सोशल मीडिया पर लोग इसे पक्षपातपूर्ण बता रहे हैं और उनका कहना है कि ये नियम सिर्फ निर्माता अपनी सहूलियत और पसंद के हिसाब से इस्तेमाल कर रहे हैं।

उदिति को भी पहले हफ्ते निकालते- यूजर

रोहे के बेघर होने पर एक अन्य यूजर ने लिखा, 'हम जानते हैं कि वह शो में खास योगदान नहीं दे रहे थे, लेकिन यह एविक्शन पूरी तरह से अनुचित है। ये 2X कॉन्सेप्ट बेकार है, वरना पहले हफ्ते में उदिति भी बाहर होती।' 'वीकेंड का वार' एपिसोड में ये साफ हो जाएगा कि एलिमिनेशन की प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ती है और क्या आने वाले हफ्तों में 'एक्स्ट्रा जीवदान' ट्विस्ट की कोई भूमिका देखने को मिलेगी।

कौन हैं रोहेद खान?

रोहेद खान ऑस्ट्रियाई अभिनेता और मॉडल हैं, जिनका जन्म अफगानिस्तान में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग और विज्ञापनों से की। बॉलीवुड में उन्होंने साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' से डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने विलेन का किरदार निभाया था। इसके बाद रोहेद अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी नजर आए। रोहेद कराटे में ब्लैक बेल्ट हैं और फिल्मों में अपने एक्शन के लिए भी पहचाने जाते हैं।

अजय की फिल्म 'रेंजर' टली, मगर 'गोलमाल 5' की रिलीज हुई पक्की

मुंबई। अजय देवगन के फैंस के लिए एक तरफ थोड़ी मायूसी तो दूसरी तरफ बड़ी खुशखबरी आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेंजर' की रिलीज को फिलहाल टाल दिया गया है। हालांकि, कॉमेडी के शौकीनों के लिए राहत की बात ये है कि अजय की ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' की रिलीज तारीख पक्की हो गई है। आइए जानते हैं रोहित शेट्टी और अजय देवगन की ये सुपरहिट जोड़ी कब सिनेमाघरों में वापसी कर रही है।

8 जनवरी को हंसाने आ रही रोहित शेट्टी की टीम

रोहित शेट्टी की ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी की अगली किस्त 'गोलमाल 5' की रिलीज तारीख आधिकारिक तौर पर तय हो गई है। ये फिल्म 8 जनवरी, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और साल 2027 की पहली बड़ी फिल्म बनेगी। फिल्म में अजय के साथ-साथ इस बार अक्षय कुमार भी गैंग में शामिल हो रहे हैं। उनके अलावा अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू, तुषार कपूर और शरमन जोशी जैसे सितारे दर्शकों को हंसी का डोज देने के लिए तैयार हैं।

'गोलमाल अगेन' के दशक भर बाद आ रही 'गोलमाल 5'

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली 'गोलमाल 5' के साथ ये ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी करीब एक दशक बाद वापसी कर रही है। इससे पहले साल 2017 में 'गोलमाल अगेन' रिलीज हुई थी। इस सीरीज की शुरुआत साल 2006 में 'गोलमाल: फन अनलिमिटेड' से हुई थी, जिसके बाद साल 2008 में 'गोलमाल रिटर्न्स' और साल 2010 में 'गोलमाल 3' आई।

दिसंबर में नहीं अब मार्च में दस्तक देगी 'रेंजर'

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेंजर' की रिलीज को टाल दिया गया है। पहले यह फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब ये मार्च, 2027 में ईद के बाद रिलीज होगी। जगन शक्ति के निर्देशन और लव रंजन के प्रोडक्शन में बन रही इस जंगल-एडवेंचर फिल्म में अजय एक फॉरेस्ट ऑफिसर की भूमिका में हैं, जो शेरों की रक्षा करते नजर आएंगे। फिल्म में संजय दत्त और तमन्ना भाटिया भी नजर आएंगी।

राका में अलग अंदाज में दिखे अल्लू रहस्यमय टीजर रिलीज...

मुंबई। आइकन स्टार अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की बहुप्रतीक्षित फिल्म राका को लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। मेकर्स ने 37 के क्रिप्टिक पोस्ट के बाद अब एक और रहस्यमय टीजर जारी किया है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। सन पिक्चर्स की ओर से साझा किए गए टीजर में लिखा है, जो असंभव सा लगता था, उससे भी आगे। हमने कल्पना करने की हिम्मत की। हमने इसे साकार करने की हिम्मत की। राका-एक वैश्विक विजय। टीजर में एक वैश्विक विजय संदेश ने खास तौर पर प्रशंसकों का ध्यान खींचा है। मेकर्स ने फिल्म से जुड़े अहम खुलासे को फिलहाल पर्दे के पीछे रखा है और हर नए संकेत के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रहे हैं। 37 के बाद सामने आए इस नए टीजर को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। प्रशंसक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि नए संदेश का पिछले संकेत से कोई संबंध है या नहीं।

फिल्मी दुनिया में न आते तो इंजीनियर होते विक्की कौशल, सोनू सूद सहित ये सितारे

मुंबई। बॉलीवुड में अभिनय की शुरुआत करने से पहले कई सितारों ने अपनी पढ़ाई पूरी की और अलग-अलग विषयों में डिग्री हासिल की। इनमें कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जिन्होंने इंजीनियरिंग की शिक्षा लेकर बाद में अभिनय को अपना करियर बनाया। आज ये सितारे अपनी शानदार अदाकारी और दमदार किरदारों से दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुके हैं। आइए जानते हैं बॉलीवुड के उन सितारों के बारे में जिन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और अगर बॉलीवुड में नहीं आते तो कहीं इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे होते।

विक्की कौशल और कृति सैनन

विक्की कौशल ने 2009 में मुंबई के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले कृति सैनन ने नोएडा स्थित जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से पढ़ाई की। उन्होंने यहां से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री हासिल की थी।

सोनू सूद

सोनू सूद ने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले नागपुर के यशवंतराव चव्हाण कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से पढ़ाई की थी। उन्होंने यहां से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की और इसके बाद अभिनय की दुनिया में अपना करियर शुरू किया।

सुशांत सिंह राजपूत और तापसी पन्नू

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की थी। हालांकि, अभिनय के लिए उन्होंने अंतिम वर्ष में पढ़ाई छोड़ दी और मनोरंजन की दुनिया में कदम रखा। तापसी पन्नू ने नई दिल्ली के गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और डिग्री हासिल की। मॉडलिंग को करियर बनाने से पहले उन्होंने कुछ समय तक बतौर सॉफ्टवेयर डेवलपर भी काम किया था।

ऋचा चड्ढा की पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ 'मुसाफिरी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ मुसाफिरी का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। यह रिचा का यूट्यूब पर भी पहला कदम है। आठ एपिसोड की इस सीरीज़ को रिचा ने होस्ट करने के साथ-साथ लिखा और प्रोड्यूस भी किया है। मुसाफिरी नए यूट्यूब चैनल फुल स्टॉप पर 25 सितंबर से प्रसारित होगी। इसके बाद हर शुक्रवार एक नया एपिसोड जारी किया जाएगा। इस चैनल को रिचा चड्ढा और अली फज़ल ने लॉन्च किया है। मुसाफिरी ऋचा और अली फज़ल के प्रोडक्शन हाउस बटर्स स्टूडियोज़ की दूसरी प्रस्तुति है। इससे पहले प्रोडक्शन हाउस की फिल्म गल्स विल बी गल्स को सनडांस में कई सम्मान मिले थे। रिचा को इंडी स्पिरिट्स अवार्ड्स में जॉन कैसावेट्स प्राइज़ से सम्मानित किया गया था।

मां बनने के बाद नजरिया बदल गया : रिचा

रिचा ने कहा कि मां बनने के बाद दुनिया को देखने का उनका नजरिया बदला और उनके भीतर चीजों को नए सिरे से जानने की जिज्ञासा पैदा हुई। उन्होंने सवाल किया कि जिस शहर में वह इतने वर्षों से रह रही हैं, क्या वह वास्तव में मुंबई को जानती हैं और इस शहर ने उन्हें जो कुछ दिया है, उसके प्रति उनकी क्या जिम्मेदारी है। मुसाफिरी के जरिए रिचा अपने ही शहर को एक जिज्ञासु यात्री की नजर से जानने की कोशिश करेंगी। सीरीज़ का पहला सीजन पूरी तरह मुंबई को समर्पित है।